रोहतक

शनिवार 21 मार्च 2026

चैत्र मास शुक्ल पक्ष, तृतीया वर्ष : 30, अंक : 45

पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 25.0

न्यून. 14.3

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,532.96 | 325.72 ▲ |
| निफ्टी | 23,114.50 | 112.35 ▲ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 1,49,000/- | 4000/- ▼ |
| चांदी | 2,26,000/- | 12000 ▼ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 93.71 | 82 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 110.7 बैरल | 1.84% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*






## खबर संक्षेप

### रेमंड के मालिक गौतम सिंघानिया की मालदीव में बोट पलटी, घायल

**नई दिल्ली।** रेमंड ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर गौतम सिंघानिया मालदीव में स्पीडबोट पलटने से घायल हो गए हैं। उन्हें इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर मुंबई लाया गया है, जहां वे फिलहाल डॉक्टरों की देखरेख में हैं। उनके प्रवक्ता ने कहा कि सिंघानिया को मामूली चोटें आई हैं और उनकी हालत स्थिर है। उनके साथ बोट पर सवार भारत के दिग्गज रैली ड्राइवर हरि सिंह और उनके एक अन्य दोस्त अब भी लापता हैं। घटना रात करीब 11 बजे मालदीव के फेलिधू एटोल के पास हुई।

### पीएसीएल घोटाले में 5046 करोड़ की 126 संपत्तियां अटैच

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पीएसीएल लिमिटेड से जुड़े बड़े निवेश घोटाले में पंजाब और दिल्ली में 5046.91 करोड़ रुपये की 126 अचल संपत्तियां अटैच की हैं। एजेंसी के मुताबिक ये प्रॉपर्टी निवेशकों के पैसे से खरीदी गई थीं। अब तक ईडी कुल 22,656.91 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त कर चुकी है। जांच में सामने आया कि कंपनी ने खेती की जमीन के नाम पर देशभर के लाखों लोगों से 48,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की। निवेशकों को झूठे दस्तावेजों पर साइन करवाए गए, लेकिन ज्यादातर मामलों में जमीन नहीं दी गई। इस मामले में सीबीआई और ईडी की जांच कर रही है। *एजेंसी*

### लिपुलेख दर्रे से 6 साल बाद भारत-चीन ट्रेड

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित लिपुलेख दर्रे के जरिए भारत और चीन के बीच बॉर्डर ट्रेड छह साल बाद फिर से शुरू होने जा रहा है। यह ट्रेड सेशन आमतौर पर जून से सितंबर तक चलता है। लिपुलेख दर्रे के जरिए तिब्बत के साथ बॉर्डर ट्रेड लंबे अंतराल के बाद 1992 में फिर शुरू हुआ था। हालांकि 2019 में कोविड-19 महामारी और गलवान झड़प के कारण इसे बंद कर दिया गया था। भारत-चीन के बीच साल 2005 में 12 करोड़ रुपये का आयात और 39 लाख रुपये का निर्यात हुआ था। पिछले साल अगस्त में चीनी विदेश मंत्री के भारत दौरे पर फैसला हुआ था। *एजेंसी*

जंग के कारण क्रूड के दाम बढ़ने के बाद आया उछाल

# अब प्रीमियम पेट्रोल में आग 2.35 रुपये तक बढ़े दाम

## हरियाणा में करीब 3000 पेट्रोल पंप ▶▶ 2 लाख लीटर रोजाना खपत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकारी तेल कंपनियों ने शुक्रवार को स्पीड और पावर जैसे प्रीमियम पेट्रोल की कीमतें 2.09-2.35 प्रति लीटर तक बढ़ा दी है। औद्योगिक डीजल 22 रुपये लीटर महंगा हो गया है। सामान्य पेट्रोल की कीमत में बदलाव नहीं हुआ है। भारत पेट्रोलियम यानी बीपीसीएल प्रीमियम पेट्रोल को स्पीड नाम से बेचता है। वहीं हिंदुस्तान पेट्रोलियम यानी एचपीसीएल इसे पावर और इंडियन ऑइल यानी आईओसीएल एक्सपी95 के नाम से इसे बेचता है। ये सामान्य पेट्रोल के मुकाबले करीब 10-12 रुपये महंगा होता है। इसके अलावा इंडियन ऑयल ने अपने इंडस्ट्रियल फ्यूल की कीमत में भी 25% की बढ़ोतरी की है। इसके दाम 87.67 प्रति लीटर से बढ़कर अब 109.59 प्रति लीटर हो गए हैं।



### प्रमुख शहरों में अब ये होंगे रेट

| शहर | पुराने | नए |
|---|---|---|
| करनाल | 102.72 | 104.71 |
| गुरुग्राम | 102.47 | 104.45 |
| पानीपत | 101.00 | 102.99 |
| फतेहाबाद | 103.43 | 105.42 |
| रोहतक | 103.33 | 105.32 |
| हिसार | 103.03 | 105.02 |

*(रेट प्रति लीटर)*

### सामान्य व प्रीमिय पेट्रोल में ऑक्टेन वेल्यू का अंतर

सामान्य और प्रीमियम पेट्रोल में मुख्य अंतर इनके ऑक्टेन नंबर का होता है। प्रीमियम पेट्रोल का ऑक्टेन लेवल ज्यादा होता है जो इंजन को 'नॉकिंग' (झटके) से बचाकर बेहतर परफॉर्मेंस और लंबी लाइफ देता है। प्रीमियम पेट्रोल के दाम इसलिए ज्यादा होते हैं क्योंकि इसकी रिफाइनिंग प्रोसेस महंगी है और इसे बनाने के लिए खास 'एडिटिव्स' का इस्तेमाल होता हैं।



**सामान्य पेट्रोल**

इसका ऑक्टेन नंबर आमतौर पर 91 होता है। यह ज्यादातर कारों व बाइक्स के इंजन के लिए स्टैंडर्ड फ्यूल है।

**प्रीमियम पेट्रोल**

इसका ऑक्टेन नंबर 95 से 100 के बीच होता है। जैसे इंडियन ऑयल का 'एक्सपी95' 95 ऑक्टेन का है।

### कम होता है प्रयोग, इसलिए जेब पर ज्यादा असर नहीं

विशेषज्ञों के अनुसार, हरियाणा में रोजाना पेट्रोल खपत 40 लाख लीटर है। ये सामान्य पेट्रोल का आंकड़ा है, इसमें प्रीमियम पेट्रोल की खपत 4 से 5% ही होती है यानी 1.6 से 2 लाख लीटर प्रतिदिन (लगभग) प्रीमियम पेट्रोल की यूज होता है। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रीमियम पेट्रोल का अलग-अलग राज्य के लिए आधिकारिक सार्वजनिक डेटा आमतौर पर जारी नहीं होता, इसलिए यह राष्ट्रीय ट्रेंड के आधार पर अनुमान माना जाता है। कीमतों में 2 रुपए से ज्यादा की बढ़ोतरी होने से उन ग्राहकों का मंथली फ्यूल बजट बढ़ जाएगा जो अपनी गाड़ियों के इंजन की लंबी उम्र और बेहतर पिकअप के लिए प्रीमियम फ्यूल ही लेते हैं। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन (एचपीसी) ने प्रीमियम पेट्रोल के दामों में प्रति लीटर 1.89 रुपये की बढ़ोतरी की है। वहीं, भारत पेट्रोलियम कारपोरेशन (बीपीसीएल) ने 2.09 रुपये प्रति लीटर दाम बढ़ाए हैं। इंडियन ऑयल कारपोरेशन (आईओसी) ने प्रति लीटर प्रीमियम पेट्रोल के दामों में 2.35 रुपये की बढ़ोतरी की है।

### एलपीजी की पैनिक बुकिंग घटी



**नई दिल्ली।** एलपीजी संकट को लेकर पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि अब पैनिक बुकिंग में कमी आई है। देशभर में गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, लेकिन हालात अभी भी चिंता वाले बने हुए हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी सुजाता शर्मा ने बताया कि 19 मार्च को करीब 55 लाख सिलेंडर की बुकिंग हुई। वहीं, करीब 7500 उपभोक्ता एलपीजी से पीएनजी में शिफ्ट हुए हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय की तरफ से ये बातें केंद्रीय मंत्रालयों की जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही गईं।

**कालाबाजारी रोकने के लिए 4500 छापे मारे :** पेट्रोलियम मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने निगरानी बढ़ाने के लिए 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कंट्रोल रूम और जिला स्तर पर मॉनिटरिंग कमेटियां बनाई हैं। जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए देशभर में 4500 छापे मारे गए।

### जोमैटो से खाना मंगवाना महंगा



**नई दिल्ली।** फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो से खाना ऑर्डर करना अब महंगा हो गया है। कंपनी ने शुक्रवार से ऑर्डर पर प्लेटफॉर्म फीस में 19% बढ़ोतरी की है। यूजर्स को हर ऑर्डर पर 12.50 के बजाय अब 14.90 यानी 2.40 ज्यादा प्लेटफॉर्म फीस देनी होगी। प्लेटफॉर्म फीस हर एक फूड ऑर्डर पर लागू होने वाला ऐडिशनल चार्ज हैं। ये जीएसटी, रेस्तरां चार्ज और डिलीवरी फीस से अलग है। जोमैटो रोजाना 20 से 25 लाख ऑर्डर डिलीवर करता है।

**स्विगी के करीब पहुंचे प्लेटफॉर्म फीस के दाम :** जोमैटो की मुख्य प्रतिद्वंद्वी कंपनी स्विगी अभी टैक्स समेत लगभग 14.99 प्लेटफॉर्म फीस वसूल रही है। आमतौर पर देखा गया है कि जब भी इन दोनों में से कोई एक कंपनी फीस बढ़ाती है, तो दूसरी कंपनी भी जल्द ही अपने दाम बढ़ा देती है।

पार्टी विरोधी गतिविधि में सख्त कार्रवाई के मिले संकेत

# कांग्रेस के 5 विधायकों को नया नोटिस, क्रॉस वोटिंग शब्द जोड़ा

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने के मामले में कांग्रेस ने अपने 5 विधायकों को नया नोटिस जारी कर दिया है। इस बार इस नोटिस में क्रॉस वोटिंग करने का जिक्र है। इससे पहले जो नोटिस था, उसमें कैंसिलेशन/इनवेलिडिटी लिखा गया था। पार्टी सूत्रों के मुताबिक वोट कैंसिल या इनवेलिड यानी अमान्य होने की तकनीकी वजह भी हो सकती है। लेकिन, क्रॉस वोट जानबूझकर किया जाता है, यानी वो पार्टी के नजरिये से ज्यादा गंभीर है। इसी वजह से पहले नोटिस के क्रम में ही यह नया नोटिस जारी किया है। जिसकी भाषा सख्त की गई है और इसे पार्टी विरोधी गतिविधि माना गया है। कांग्रेस अनुशासन समिति के चेयरमैन धर्मपाल मलिक की ओर से 4 विधायकों रेनू बाला, शैली चौधरी, मोहम्मद इजराइल और मोहम्मद इलियास को 19 मार्च को नोटिस जारी हुआ। जबकि रतिया विधायक जरनैल सिंह को 20 मार्च (शुक्रवार) को नोटिस हुआ।

**रतिया विधायक जरनैल सिंह का क्रॉस वोटिंग में 5वें विधायक के रूप में नाम आया सामने**

### मैं पार्टी का सच्चा सिपाही : जरनैल सिंह



इस मामले में रतिया से विधायक जरनैल सिंह अपने ऊपर लग रहे आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए खुद को पार्टी के प्रति वफादार बताया हैं। विधायक जरनैल सिंह ने स्पष्ट किया कि उन्हें अभी तक पार्टी की ओर से कोई कारण बताओ नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है। यदि भविष्य में कोई नोटिस मिलता है, तो वे उसका उचित जवाब पार्टी आलाकमान को देंगे। जरनैल सिंह ने भावुक होते हुए कहा कि उन्हें जानबूझकर बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि कोई क्रॉस वोटिंग नहीं की। मैंने अपना वोट भूपेंद्र सिंह हुड्डा को दिखाकर डाला था।

### सात दिन के भीतर मांगा गया जवाब

नोटिस में लिखा है कि आप 7 दिन के भीतर स्पष्ट करें कि क्यों ना आपके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। यदि दिए गए समय में कोई जवाब नहीं आता है तो आपको एक्स पार्टी मानते हुए पार्टी नियमों के अनुसार कार्रवाई करेगी।

### पार्टी के निर्देशों का पालन नहीं करने का आरोप

पार्टी के संज्ञान में आया है कि राज्यसभा चुनाव में आपने पार्टी की ओर से जारी निर्देशों का पालन नहीं किया। जिसका नतीजा वोट कैंसिलेशन इनवेलिडेशन (रद या अमान्य) निकला। इससे ऐसा लगता है कि पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी को हराने के लिए जानबूझकर ऐसा किया गया। ये पार्टी के संविधान, रूल और नॉर्म्स का उल्लंघन है।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- नौकरानी नहीं है पत्नी, लाइफ पार्टनर

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तलाक से जुड़े एक मामले में कहा, 'पत्नी का खाना न बनाना या घरेलू कामकाज ठीक से न करना क्रूरता नहीं माना जा सकता। आप नौकरानी से शादी नहीं कर रहे, बल्कि जीवनसाथी से कर रहे हैं। जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस विक्रम नाथ की बेंच ने कहा- अब समय बदल चुका है और पति को भी घर के कामों में बराबर की जिम्मेदारी निभानी होगी। आज के समय में पति को भी खाना बनाना और घर के काम करना चाहिए। बेंच ने इस केस में अंतिम फैसला नहीं सुनाया है। मामले की अगली तारीख पर पति-पत्नी को सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का कहा है।



खाना न बनाना क्रूरता नहीं तलाक के मामले में कहा घरेलू काम पति की भी जिम्मेदारी

### पति सरकारी स्कूल में शिक्षक, पत्नी लेक्चरर

दोनों की शादी साल 2017 में हुई थी और उनका एक 8 साल का बेटा है। पति सरकारी स्कूल में शिक्षक है, जबकि पत्नी लेक्चरर है। पति का आरोप है कि शादी के एक हफ्ते बाद ही पत्नी का व्यवहार बदल गया। वह उसके साथ गलत तरीके से पेश आने लगी और उसके तथा उसके माता-पिता के खिलाफ गंदी भाषा का इस्तेमाल करती थी। उसने घर का खाना बनाने से भी मना कर दिया। वहीं, पत्नी का कहना है कि वह बच्चे के जन्म के लिए पति और उसके परिवार की सहमति से अपने मायके गई थी। लेकिन पति और उसके परिवार के लोग ही नामकरण संस्कार में शामिल नहीं हुए।

## एअर इंडिया ने दिल्ली से कनाडा भेजी गलत फ्लाइट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय एयरलाइंस कंपनी एअर इंडिया की एक बार फिर बड़ी चूक सामने आई है, जिसके कारण दिल्ली से कनाडा के वैंकूवर जा रही फ्लाइट एआई-185 को उड़ान भरने के करीब 7 घंटे बाद वापस दिल्ली लौटना पड़ा। दरअसल, एअर इंडिया ने गुरुवार को यात्रियों को गलती से बोइंग 777-300 ईआर की जगह बोइंग 777-200 एलआर फ्लाइट में भेज दिया था। एविएशन नियमों के तहत अलग-अलग देशों में अलग-अलग विमान मॉडल के लिए इजाजत होती है। कनाडा ने एअर इंडिया को सिर्फ बोइंग 777-300 ईआर के लिए मंजूरी दी है, न कि एलआर वर्जन के लिए। गलती का पता तब चला जब विमान करीब 4 घंटे उड़ान भरकर चीन के कुनमिंग एयरस्पेस में पहुंच चुका था। इसके बाद तुरंत विमान ने यू-टर्न लिया और दिल्ली में वापस आकर लैंडिंग की।

**7 घंटे बाद चीन के एयरस्पेस से लौटी, बोइंग के ईआर मॉडल की इजाजत थी**

## ट्रम्प ने नाटो देशों को कायर बताया बोले-यूएस के बिना वे कागजी शेर

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान युद्ध में साथ न देने पर नाटो सहयोगी देशों पर नाराजगी जताई है। ट्रम्प ने कहा है कि नाटो देश कायर हैं और अमेरिका के बिना यह गठबंधन सिर्फ कागजी शेर है। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर लिखा, वे न्यूक्लियर ताकत वाले ईरान को रोकने की लड़ाई में शामिल नहीं होना चाहते थे। ट्रम्प ने होर्मुज स्ट्रेट का जिक्र करते हुए कहा कि इसे खुला रखने के लिए सैन्य मदद देना आसान है, लेकिन सहयोगी देश इसमें भी पीछे हट रहे हैं। उन्होंने कहा, "यह बहुत आसान सैन्य कदम है, जिसमें बहुत कम जोखिम है, लेकिन वे मदद नहीं करना चाहते। कायर हैं, और हम इसे याद रखेंगे। *(संबंधित खबर पेज-8 पर)*



जंग में साथ नहीं दिया, इसे याद रखेंगे

### मिडिल ईस्ट की तरफ बढ़ रहे 3 अमेरिकी वॉरशिप

मिडिल ईस्ट में अमेरिका अपनी सैन्य मौजूदगी तेजी से बढ़ा रहा है। सैटेलाइट इमेज से पता चला है कि 3 अमेरिकी वॉरशिप के साथ मरीन सैनिक मिडिल ईस्ट भेजे जा रहे हैं। इनमें यूएसएस त्रिपोली, यूएसएस सैन डिएगो, यूएसएस न्यू ऑरलियंस शामिल हैं। इन पर करीब 2200 सैनिक तैनात हैं। ये सभी सैनिक 31वीं मरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट का हिस्सा हैं, जिसे तुरंत एक्शन के लिए तैयार रखा जाता है। इनमें से यूएसएस त्रिपोली एक एम्फीबियस असॉल्ट शिप है, यानी ऐसा युद्धपोत जो मरीन सैनिकों, हेलीकॉप्टर और लड़ाकू विमानों को लेकर चलता है।

ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## सरकार ने 300 अवैध बैटिंग वेबसाइट्स-एप ब्लॉक किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार ने अवैध ऑनलाइन जुआ और सट्टेबाजी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 300 वेबसाइट्स-एप्स को ब्लॉक किया है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक अब तक कुल 8400 ऐसे प्लेटफॉर्म्स पर बैन लगाया जा चुका है। इनमें से करीब 4900 वेबसाइट्स ऑनलाइन गेमिंग एक्ट लागू होने के बाद ब्लॉक की गई हैं। सरकारी सूत्रों के मुताबिक जिन प्लेटफॉर्म्स पर कार्रवाई की गई है, वे मुख्य रूप से अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए से जुड़े थे। इनके जरिए बड़े स्तर पर अवैध लेनदेन और जुए को बढ़ावा मिल रहा था। इसे रोकने के लिए आईटी एक्ट और अन्य संबंधित कानूनों के तहत लगातार निगरानी और कार्रवाई की जा रही है। ऑनलाइन गेमिंग एक्ट लागू होने के बाद इस तरह के प्लेटफॉर्म्स पर कार्रवाई में तेजी आई है। सरकार का दावा है कि यह कदम डिजिटल स्पेस को सुरक्षित बनाने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए उठाया गया है। प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 के तहत देश में रियल मनी गेमिंग पर बैन लगाया जाएगा।

**इनमें ऑनलाइन स्पोर्ट्स बेटिंग प्लेटफॉर्म भी शामिल**

**अब तक 8400 प्लेटफॉर्म बंद किए, बड़े स्तर पर अवैध लेनदेन और जुए को मिल रहा था बढ़ावा**

### ये चार सख्त नियम

- इस कानून में कहा गया है कि चाहे ये गेम्स स्किल बेस्ड हों या चांस बेस्ड दोनों पर रोक है।
- **रियल-मनी गेम्स पर रोक:** कोई भी मनी बेस्ड गेम ऑफर करना, चलाना, प्रचार करना गैरकानूनी है। ऑनलाइन गेम खेलने वालों को कोई सजा नहीं होगी।
- **सजा और जुर्माना:** अगर कोई रियल-मनी गेम ऑफर करता है या उसका प्रचार करता है, तो उसे 3 साल तक की जेल और 1 करोड़ रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। विज्ञापन चलाने वालों को 2 साल की जेल और 50 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।
- **रेगुलेटरी अथॉरिटी:** एक खास अथॉरिटी बनाई जाएगी, जो गेमिंग इंडस्ट्री को रेगुलेट करेगी, गेम्स को रजिस्टर करेगी और ये तय करेगी कि कौन सा गेम रियल-मनी गेम है।

फसल बिछी, दाना काला पड़ने और पैदावार घटने की आशंका

किसानों ने की मुआवजे की मांग

## हरियाणा में कुदरत का कहर, लगातार हो रही बारिश से फसलों को 10 से 25 फीसदी नुकसान

*बारिश से हुए फसलों को नुकसान के बाद किसान मायूस हैं। किसानों ने फसल क्षति पूर्ति पोर्टल को दोबारा खोलने, विशेष गिरदावरी करवाने और जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए नए नियमों को वापस लेने की मांग उठाई है।*

**चरखी दादरी/भिवानी (हरिभूमि न्यूज)।** पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की कमर तोड़ दी है। रबी की फसलों पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। प्रदेश में फसलों को औसतन 10 से 25 फीसदी तक नुकसान हो चुका है। तेज हवाओं के कारण पकने को तैयार गेहूं की फसल पूरी तरह जमीन पर बिछ गई है, जिससे दाना काला पड़ने और पैदावार घटने की आशंका है। चरखी दादरी और भिवानी जिलों में ज्यादा नुकसान पहुंचा है। यहां लगभग 1 लाख 55 हजार एकड़ में सरसों और 1 लाख 10 हजार हेक्टेयर में गेहूं की बिजाई की गई थी, जो अब कुदरत की मार झेल रही है। वहीं, सरसों की फसल झड़ने की कगार पर है।

### जलभराव बना समस्या

लगातार बारिश के कारण खेतों में जलभराव की स्थिति बन गई है, जिससे किसानों को सालभर की मेहनत बर्बाद होने का डर सता रहा है। प्रशासन ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए कृषि विभाग की टीमों को फील्ड में उतार दिया है। अधिकारी गांव-गांव जाकर फसलों के नुकसान का आकलन कर रहे हैं। वहीं मौसम विभाग ने आने वाले घंटों में और बारिश की संभावना जताई है, जिससे किसानों की धड़कनें और बढ़ गई हैं।



### तापमान में 5.7 डिग्री सेल्सियस की गिरावट

मौसम विभाग के मुताबिक, राज्य के औसत अधिकतम तापमान में 5.7 डिग्री सेल्सियस की भारी गिरावट दर्ज की गई है। आलम यह है कि प्रदेश का पारा सामान्य से 6.5 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया है। प्रदेश में सबसे अधिक बदलाव रोहतक में दिखा, जहां तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस लुढ़क कर मात्र 20.7 डिग्री सेल्सियस रह गया।

## खबर संक्षेप

### मत्स्य पालन सेवाएं राइट टू सर्विस के दायरे में

**चंडीगढ़।** सरकार ने नागरिकों को समयबद्ध एवं पारदर्शी सेवाएं मुहैया कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मत्स्य पालन से जुड़ी कई नई सेवाओं को हरियाणा अधिकार सेवा अधिनियम, 2014 के तहत अधिसूचित किया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस सम्बन्ध में एक अधिसूचना जारी की गई है। सघन मत्स्य पालन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत लोडिंग ऑटो, फोर व्हीलर, ट्रॉली के साथ मिनी ट्रैक्टर पर सब्सिडी 40 दिन के अन्दर मिलेगी।

### खिलाड़ियों को नहीं मिल रही सुविधाएं : सैलजा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के खिलाड़ियों की उपलब्धियों और जमीनी हालात के बीच बढ़ती खाई को लेकर सियासत गरमा गई है। सांसद सैलजा ने लोकसभा में केंद्र सरकार के जवाब पर कड़ा हमला बोलते हुए कहा कि देश को ओलंपिक में करीब 33 प्रतिशत पदक दिलाने वाला हरियाणा आज बुनियादी खेल सुविधाओं के लिए तरस रहा है। सैलजा ने कहा कि हरियाणा खेल प्रतिभाओं का गढ़ है, लेकिन विडंबना यह है कि यहां के खिलाड़ियों को सुरक्षित और आधुनिक खेल मैदान तक नसीब नहीं हो रहे। उन्होंने केंद्र सरकार के जवाब को जिम्मेदारी से बचने वाला करार देते हुए कहा कि इस तरह का रवैया खिलाड़ियों के साथ अन्याय है।

### हाईकोर्ट की रिटायर्ड कर्नल को राहत

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक निर्णय में स्पष्ट किया है कि यदि कोई सैन्य अधिकारी निर्धारित अवकाश पर है, तो उस अवधि के दौरान घटित किसी भी घटना के लिए केवल इस आधार पर उसे जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता कि वह संबंधित यूनिट का कमांडिंग आफिसर (सीओ) था। अदालत ने इस सिद्धांत को लागू करते हुए रिटायर्ड कर्नल आरएस गुलरिया को बड़ी राहत प्रदान की है। हाई कोर्ट के जस्टिस हरसिमरन सिंह सेठी और जस्टिस विकास सूरी ने सेना द्वारा कर्नल गुलरिया की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट में दर्ज प्रतिकूल टिप्पणियों को रद कर दिया। ये टिप्पणियां वर्ष 2006 में उनके कार्यकाल में दर्ज हुई थी।

## जल जीवन मिशन के दूसरे चरण के लिए केंद्र और हरियाणा सरकार में एमओयू

# पेयजल परियोजनाओं पर खर्च होंगे 3000 करोड़

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

- केंद्रीय जल शक्ति मंत्री और मुख्यमंत्री की मौजूदगी में समझौता

हरियाणा में जल जीवन मिशन के दूसरे चरण को लागू करने के लिए शुक्रवार को वर्चुअल माध्यम से केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल और मुख्यमंत्री नायब सैनी की मौजूदगी में केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। हरियाणा सरकार की ओर से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के आयुक्त एवं सचिव मोहम्मद शाइन ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

एमओयू हस्ताक्षरित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। नायब सिंह सैनी ने कहा कि जल जीवन मिशन-2.0 के अंतर्गत राज्य सरकारों व केंद्र सरकार के बीच साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए आज हुआ यह एमओयू बहुत महत्वपूर्ण है। जल जीवन मिशन के दूसरे चरण में राज्य सरकार का ध्यान केवल जल आपूर्ति तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि उसकी गुणवत्ता, स्थिरता और दीर्घकालिक प्रबंधन पर भी केंद्रित होगा। इसके तहत जल भंडारण टैंकों का आधुनिकीकरण, शेष परिवारों को पाइप लाइन जल आपूर्ति से जोड़ना और दक्षिण हरियाणा के जल संकटग्रस्त क्षेत्रों जैसे नूंह, पलवल और महेंद्रगढ़ में विशेष परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा। इन सभी योजनाओं पर लगभग 3000 करोड़ रुपये का निवेश होगा।



## सभी गांवों में नल से मिल रहा जल

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के पहले चरण में हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक नल और पर्याप्त पेयजल की सतत आपूर्ति सुनिश्चित करने का राज्य सरकार ने जो संकल्प लिया, उसे साकार भी किया। वर्ष 2019 में जल जीवन मिशन की जब शुरुआत हुई थी तब हरियाणा में केवल 58 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों में नल का कनेक्शन था, लेकिन सरकार के सतत प्रयासों से 6 अप्रैल, 2022 को ही सरकार ने शत-प्रतिशत कवरेज हासिल कर देश के अग्रणी राज्यों में अपना स्थान बनाया है। यह उपलब्धि हरियाणा के लाखों परिवारों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव का प्रमाण है।

### महिलाओं को पानी लाने बाहर नहीं जाना पड़ रहा

उन्होंने कहा कि एक समय था जब महिलाओं को दूर-दूर से पानी लाना पड़ता था, लेकिन अब महिलाओं को उनके घरों में ही स्वच्छ जल उपलब्ध कराने से आए परिवर्तन सामाजिक सम्मान और जीवन स्तर में सुधार का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में जल आपूर्ति का एक मजबूत और व्यापक इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित किया जा चुका है। इसमें नहर आधारित हजारों जलघर, ट्यूबवेल आधारित जलघर और बूस्टिंग स्टेशन शामिल हैं। पोर्टल के माध्यम से बिलिंग को पारदर्शी बनाया गया है और बीबीपीएस के जरिए भुगतान को सरल किया गया है।

## संत लाधुनाथ महाराज सामाजिक समरसता के प्रतीक : नायब



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि नायक समाज सदियों से मेहनत, ईमानदारी और सामाजिक समरसता का प्रतीक रहा है, इस समाज ने हर कठिन परिस्थिति में अपनी पहचान और संस्कृति को बनाए रखा है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर पर संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के अंतर्गत आयोजित संत शिरोमणि गुरु लाधुनाथ महाराज के जयंती समारोह पर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान संत शिरोमणि लाधुनाथ महाराज की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन भी किया। इस दौरान उनके साथ जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोकनिर्माण मंत्री रणबीर गंगवा सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में स्पेशल हाई पावर्ड परचेज कमेटी की बैठक में मंजूरी

# अब नागरिक अस्पतालों में होगा हाईटेक इलाज, छह जिलों में एमआरआई सेवाएं

### कुरुक्षेत्र, गुरुग्राम और जींद में मैकेनाइज्ड व ऑटोमेटेड क्लीनिंग सेवाएं शुरू की जाएगी

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

- नूंह, रेवाड़ी, हिसार, जींद, रोहतक और चरखी दादरी के मरीजों को मिलेगी सुविधाएं

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव की अध्यक्षता में स्पेशल हाई पावर्ड परचेज कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में राज्य के सिविल अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक के दौरान सिविल अस्पताल मांडीखेड़ा (नूंह) और रेवाड़ी में सीटी स्कैन सेवाओं को हायर करने की स्वीकृति दी गई। इसके साथ ही मांडीखेड़ा (नूंह), रेवाड़ी, हिसार, जींद, रोहतक और चरखी दादरी के सिविल अस्पतालों में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप के आधार पर एमआरआई स्कैन सेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया गया।

इसके अलावा, कुरुक्षेत्र, गुरुग्राम और जींद के जिला सिविल अस्पतालों में मैकेनाइज्ड और ऑटोमेटेड क्लीनिंग सेवाएं शुरू करने को भी मंजूरी प्रदान की गई।



### किफायती स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : आरती

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बैठक में कहा कि राज्य सरकार सभी नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि स्वीकृत परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू किया जाए और क्रियान्वयन में पारदर्शिता व दक्षता सुनिश्चित की जाए। पहलों को हरियाणा के सार्वजनिक स्वास्थ्य तंत्र के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है, जिससे प्रदेश के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी।

### फरीदाबाद नागरिक अस्पताल में अत्याधुनिक हार्ट सेंटर शुरू



**फरीदाबाद।** राजस्व एवं शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने शुक्रवार को नागरिक अस्पताल में हार्ट सेंटर का उद्घाटन किया। उनके साथ नगर निगम मेयर प्रवीण बत्रा जोशी, जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ जयंत आहूजा भी मौजूद रहे। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि कहा कि हृदय रोग से संबंधित इलाज आम आदमी के लिए महंगा होता है, लेकिन अब बीके अस्पताल में कम खर्च में आधुनिक उपचार उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि जहां निजी अस्पतालों में स्टेंट लगाने का खर्च दो लाख रुपये तक होता है, वहीं यहां यह सुविधा किफायती दरों में उपलब्ध होगी। इसी प्रकार हृदय से संबंधित विभिन्न जांचें भी बाजार दर से काफी कम शुल्क पर की जाएंगी। उन्होंने कहा कि आने वाले एक वर्ष के भीतर अस्पताल के मौजूदा ढांचे में बड़े स्तर पर विस्तार किया जाएगा तथा प्रदेश सरकार द्वारा बजट में लिए गए निर्णय के अनुसार फरीदाबाद में 200 से 400 बेड का नया आधुनिक अस्पताल भी स्थापित किया जाएगा।

## सुशासन सहयोगियों के कार्यों की समीक्षा



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को पंचकूला स्थित स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान में मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी (सीएमजीजीए) की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सीएमजीजीए सहयोगियों द्वारा पिछले माह दो मॉड्यूल-ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और मानव संसाधन- के अंतर्गत किए गए फील्ड कार्यों का आंकलन किया। उन्होंने अब तक सहयोगियों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की और उन्हें राज्य के सुशासन तथा विकास संबंधी प्राथमिकताओं में सक्रिय योगदान जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि फील्ड से उभरकर सामने आए प्रमुख मुद्दों पर चर्चा के लिए उपायुक्तों के साथ एक बैठक आयोजित की जाए।

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)**

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। "कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित "आईआईएफएल एचएफएल" को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु "आईआईएफएल एचएफएल" द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।"

| कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रू.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्रीमती अश्वनी कुमार श्री पूजा अश्वनी करताना स्टोर (प्रोस्पैक्ट नं. IL10292206) | गांव बन की आबादी देह के अंदर, तहसील लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा, भारत 136118 में स्थित यूआईडी नं. 586770s045000r362 Li वाला प्लॉट मकान। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, Super_Build Up Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 914.00, 914.00, 731.20, 961.30. | रु. 466071/- रुपये चार लाख छियासठ हजार इकहत्तर केवल | 11-09-2025 | 16/03/2026 |
| श्री राजेश श्रीमती अंजु, राजेश डायरी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10332274) | गांव कठवा, कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136135 यू.आई.डी. नं. Ws0-M2s000rl106a वाली सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1167.00, 784.00 | रु. 330009/- रुपये तीन लाख तीस हजार नौ केवल | 22-10-2025 | 16/03/2026 |
| श्री प्रवीन कुमार शर्मा श्रीमती जय भगवान शर्मा श्रीमती प्रियंका रानी डेयरी और करियाना स्टोर शर्मा डेयरी और करियाना स्टोर (प्रोस्पैक्ट नं. IL10347992) | गांव हबाना, लाल डोरा, तहसील शाहबाद, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा, 136118 में स्थित सम्पत्ति यूआईडी नं. 585830E00MIS00RL220A माप 54.001 वर्ग मी., क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 581 | रु. 455745.84/- रुपये चार लाख पचपन हजार सात सौ पैंतालीस केवल | 04-12-2025 | 16/03/2026 |
| श्री विनोद श्रीमती पुनम स्वयं ड्राईवर (प्रोस्पैक्ट नं. IL10378185) | गांव उचाना कलां तहसील उचाना, जिला जीन्द, हरियाणा-भारत 126115 में स्थित खसरा नं. 528(1-0) में निहित खेवट/खाता नं. 575/664 में से सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 634.00, 429.00, 343.00 | रु. 448003/- रुपये चार लाख अड़तालीस हजार तीन केवल | 09-09-2025 | 16/03/2026 |
| श्री राजिन्दर कुमार, श्रीमती मतलेश पत्नी राजिन्दर कुमार (प्रोस्पैक्ट नं. IL10399156) | सम्पत्ति नं. यू.आई.डी. नं. 586900NO100000R0053A, गांव अंथेरी, थानेसर, कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136156, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 928.00, 928.00 | रु. 629715/- रुपये छह लाख उनतीस हजार सात सौ पन्द्रह केवल | 22-10-2025 | 16/03/2026 |
| श्री सुखबीर सिंह, श्रीमती रानी देवी रानी मिल्क डेयरी सुखबीर हार्ड-वेयर स्टोर (प्रोस्पैक्ट नं. IL10415681) | गांव मांडी कलां, तहसील उचाना, जिला जीन्द, हरियाणा, भारत-126102 में खसरा नं. 284 91-18) में निहित खेवट/खाता नं. 209/275 में से सम्पत्ति, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1290.00, 1218.00, 974.00 | रु. 668795/- रुपये छह लाख अड़सठ हजार सात सौ पचानवे केवल | 08-10-2025 | 16/03/2026 |
| श्री सिबा राम श्रीमती बाला रानी नैन्सी करियाना और वेजिटेबल्स स्टोर (प्रोस्पैक्ट नं. IL10419002) | गांव टीक, तहसील व जिला कैथल, हरियाणा 136027 में स्थित खसरा नं. 64//10/38-10/39 में निहित खेवट नं. 259 में से सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 540 | रु. 674754/- रुपये छह लाख चोहत्तर हजार सात सौ चव्वन केवल | 03-10-2025 | 17/03/2026 |
| श्री जसपाल सिंह श्री हरविन्दर सिंह श्रीमती जसविन्दर हरविन्दर कैरेज सर्विस जसपाल डायरी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10446952) | प्लॉट नं. 24, खसरा नं. 6//26, जगाधरी, यमुनानगर, हरियाणा-135133 क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1458.00, 1191.00 | रु. 595021/- रुपये पांच लाख पचानवे हजार इक्कीस केवल | 22-10-2025 | 17/03/2026 |
| श्री पवन कुमार श्री प्रदीप कुमार श्रीमती दर्शना पवन डेयरी फार्म (प्रोस्पैक्ट नं. IL10451807) | नाचर खेड़ा, उचाना, जीन्द, हरियाणा-126152 में खेवट/खाता नं. 72/105 में सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2314.00, 1477.00 | रु. 522482/- रुपये पांच लाख बाईस हजार चार सौ बयासी केवल | 22-10-2025 | 16/03/2026 |
| श्री मामचंद श्रीमती रूबी देवी मामचंद डायरी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10557300) | गांव गधौली, तहसील नारायणगढ़, जिला अम्बाला, हरियाणा, भारत-134203 में खेवट नं. 725, खतौनी खसरा नं. 397(0-9), 486(0-11) और खेवट 969 खतौनी 1140, 1141, खसरा नं. 70//15 मिन और 70//15 मिन में निहित सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1080.00, 917.00, 733.00 | रु. 418454/- रुपये चार लाख अठारह हजार चार सौ चव्वन केवल | 09-09-2025 | 17/03/2026 |
| श्रीमती सुनीता श्री गुरमीत सिंह श्री मदन लाल श्री मलकीत सिंह सुनीता कैटल डेयरी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10621174) | प्लॉट/मकान यू.आई.डी. नं. 58090SS3B3000R0087A, गांव चबूतरों, बिलासपुर, यमुनानगर, हरियाणा-133204 क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1073.00, 953.00 | रु. 573402/- रुपये पांच लाख तेहत्तर हजार चार सौ दो केवल | 24-10-2025 | 17/03/2026 |
| श्री अनिल कुमार श्री अंकित श्रीमती निशा श्रीमती प्रकाशदी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10667352) | प्लॉट/मकान यू.आई.डी. नं. 58043SB2S2000R01060, गांव गनीपुर कलां की लाल डोरा, तहसील बिलासपुर, जिला यमुनानगर, हरियाणा-135102 क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1487.00, 1078.00, 862.30 | रु. 465600/- रुपये चार लाख पैंसठ हजार छह सौ केवल | 12-08-2025 | 17/03/2026 |
| श्रीमती मीना रानी श्री अनीश अनीश पलम्बिंग सर्विस (प्रोस्पैक्ट नं. IL10668143) | गांव बरौंदी, तहसील लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136132 में खेवट नं. 191 खतौनी नं. 224, खसरा नं. 568/28 में सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 816.00, 816.00 | रु. 441321/- रुपये चार लाख इकतालीस हजार तीन सौ इक्कीस केवल | 22-10-2025 | 16/03/2026 |
| श्रीमती रजनी देवी श्री निर्मल कुमार रजनी डेयरी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10671530) | प्लॉट/मकान यू.आई.डी. नं. 585650098, गांव सरायसुखी शाहबाद, कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136135, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 784.00, 635.00 | रु. 440528/- रुपये चार लाख चालीस हजार पांच सौ अठाईस केवल | 24-10-2025 | 16/03/2026 |
| श्री जरीफ अहमद श्रीमती आयशा (प्रोस्पैक्ट नं. IL10671764) | सम्पत्ति यू.आई.डी. नं. 586040DAN0000IH00202, गांव दंगाली कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136135, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2760.00, 1979.00 | रु. 547494/- रुपये पांच लाख सैंतालीस हजार चार सौ चोरानवे केवल | 24-10-2025 | 16/03/2026 |
| श्री सतबीर श्रीमती पिंकी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10704092) | सम्पत्ति आई.डी. नं. 72c491u767, अर्जुन नगर, कैथल, हरियाणा-136027, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 624.00, 445.00 | रु. 341574/- रुपये तीन लाख इकतालीस हजार पांच सौ चोहत्तर केवल | 25-10-2025 | 17/03/2026 |
| श्री बलराज सिंह श्रीमती प्रियंका बलराज सिंह डेयरी फार्म (प्रोस्पैक्ट नं. IL10720641) | गांव लोधर, उचाना, जीन्द, हरियाणा-126113 में खेवट नं. 155, 154 में सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2115.00, 1477.00 | रु. 457875/- रुपये चार लाख सतावन हजार आठ सौ पचहत्तर केवल | 25-10-2025 | 16/03/2026 |
| श्री जसपाल श्रीमती मीना जसपाल गैसन वर्क्स (प्रोस्पैक्ट नं. IL10722175) | प्लॉट/मकान यू.आई.डी. नं. 58220SB1S8000R0258A, गांव हरौली, छाछरौली, यमुनानगर, हरियाणा-135102, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 336.00, 330.00 | रु. 335001/- रुपये तीन लाख पैंतीस हजार एक केवल | 04-11-2025 | 17/03/2026 |
| श्री दीपक श्रीमती नीलम दीपक किराना शॉप (प्रोस्पैक्ट नं. IL10724826) | गांव डारोली खेड़ा, उचाना, जीन्द, हरियाणा-126115 में खेवट नं. 358, खतौनी नं. 374, खसरा नं. 61//14/4 में सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 816.00, 796.00 | रु. 342133/- रुपये तीन लाख बयालीस हजार एक सौ तैंतीस केवल | 03-11-2025 | 16/03/2026 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एसकरनाल - एससीओ-408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 21.03.2026 — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.

# विदेश भेजने के नाम पर ठगी, मानव तस्करी जैसा अपराध : हाईकोर्ट

### आरोपी को जमानत देने से इनकार

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने विदेश भेजने के नाम पर ठगी के मामलों को गंभीर अपराध मानते हुए स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की गतिविधियां केवल आर्थिक धोखाधड़ी नहीं, बल्कि मानव तस्करी का स्वरूप भी धारण कर लेती हैं। अदालत ने अमेरिका भेजने का झांसा देकर 11 लाख रुपये ठगने के आरोपित एजेंट को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। जस्टिस सुमित गोयल की पीठ ने कहा कि इस तरह के संगठित अपराध समाज के भरोसे की बुनियाद को हिला देते हैं और इनका व्यापक प्रभाव सार्वजनिक व्यवस्था पर पड़ता है। मामले के अनुसार, हरियाणा के अंबाला जिले में दर्ज एफआइआर में आरोपित पर आरोप है कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता को अमेरिका भेजने का झांसा दिया और उससे 11.25 लाख रुपये ले लिए। लेकिन न तो उसे विदेश भेजा गया और न ही पूरी राशि लौटाई गई। केवल दो लाख रुपये वापस किए गए, जबकि शेष रकम हड़प ली गई।

### उम्मीदवारों को विभागों के आवंटन में मनमानी पर हाईकोर्ट सख्त

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को अपारदर्शी और मनमानी प्रक्रिया के माध्यम से उम्मीदवारों को विभाग आवंटित करने के लिए फटकार लगाई है और हरियाणा और पंजाब के मुख्य सचिवों को तीन महीने के भीतर निर्देश जारी करने का निर्देश दिया है ताकि भर्ती और विभागीय आवंटन में पारदर्शी, कानूनी और तर्कसंगत मानदंड सुनिश्चित किए जा सकें। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने जोर देकर कहा कि प्रतिवादी आयोग द्वारा एक अपारदर्शी और मनमानी प्रक्रिया के माध्यम से चयनित उम्मीदवारों को विभाग आवंटित करने का कृत्य और आचरण बेहद चिंताजनक है और इसका समाधान किया जाना चाहिए। पीठ ने निर्देश दिया कि भविष्य में होने वाले सभी संयुक्त चयनों में योग्यता-आधारित आवंटन का सख्ती से पालन किया जाए।

## राजा मिहिर भोज प्रतिमा विवाद का निपटारा मामला समिति को सौंपा

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा के कैथल जिले में राजा मिहिर भोज की प्रतिमा को लेकर गुर्जर और राजपूत समुदायों के बीच चले आ रहे विवाद से संबंधित याचिका का निपटारा कर दिया। अदालत ने स्पष्ट कहा कि समय के साथ यह विवाद अपनी तीव्रता खो चुका है और ऐसे मामलों में न्यायालय का समय व्यर्थ नहीं किया जाना चाहिए। चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस हरप्रीत कौर जीवन की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि यह मामला प्रशासनिक और सामाजिक स्तर पर सुलझाया जा सकता है। अदालत ने टिप्पणी की कि ऐसे मामलों में अदालत को अनावश्यक रूप से घसीटना न्यायिक संसाधनों की बर्बादी है। हाईकोर्ट ने मामले में समिति गठित करने व 60 दिन में विवाद निपटाने के आदेश दिए। अदालत ने बयानबाजी पर भी रोक लगाई।

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ईऑक्शन के माध्यम -से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

| Sn | Lot No. | Description | Auction Start Date Time |
|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-Int-135985-5-26-1 | ट्रेन संख्या 12449/50 (सीडीजी-एमएओ-सीडीजी) में ट्रेन कोचों के आंतरिक भाग में डिस्प्ले बोर्ड का उपयोग करके वाणिज्यिक विज्ञापन स्थान (विज्ञापन के लिए कोच संरचना और आयाम के अनुसार) | 03.04.2026 12.00.00 hrs |
| 2 | ADVT-UMB-UMB-OH-328-26-1 | अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर लॉलीपॉप क्यूबॉइड बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के लिए वाणिज्यिक प्रचार अधिकार जिस में लॉलीपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 20 है और प्रत्येक लॉलीपॉप क्यूबॉइड का आकार 1-5'x1-5'x1-5' से अधिक नहीं होना चाहिए। | 03.04.2026 12.00.00 hrs |

नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाये

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — 951/26

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक नैन पुत्र** शोभराम **निवासी** ग्राम-रोलाद लतीफपुर, 147 रोलाद लतीफपुर, सोनीपत, **यहां भी:** मेगामेंटिस इन्फोटेक प्रा. लिमिटेड, 25 एम.सी. मार्केट, प्रथम तल, सुभाष चौक, सोनीपत-131001, ने **CC NI Act No. 5802/2017, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन मोती नगर, पश्चिम जिला, नई दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CC NI Act No. 5802/2017, U/S 138 NI Act, पुलिस स्टेशन मोती नगर, पश्चिम जिला, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **दीपक नैन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.05.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री पूनम सिंह**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)-04,**
**पश्चिम जिला, कमरा नं0-04, एनेक्सी-I**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/3561/WD/2026**
**(Court Matter)**

## आसाराम प्रकरण : गवाह को सुरक्षा देना राज्य सरकार की जिम्मेदारी

- महेंद्र सिंह चावला की याचिका पर सरकार को नोटिस
- अगली सुनवाई 13 अगस्त को

**चंडीगढ़।** आसाराम मामले के मुख्य गवाह को सुरक्षा व आर्थिक सहायता नहीं मिलने के खिलाफ एक याचिका पर सुनवाई करते हुए पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा सरकार को नोटिस जारी जवाब तलब किया है। पानीपत निवासी महेंद्र सिंह चावला द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने राज्य को निर्देश दिया कि वह इस मामले में अपना पक्ष स्पष्ट करें। अगली सुनवाई 13 अगस्त के लिए निर्धारित की गई है। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में जिला स्तरीय सक्षम प्राधिकरण पानीपत के 10 सितंबर 2025 के आदेश को चुनौती दी है। आदेश में हरियाणा गवाह सुरक्षा योजना के तहत उन्हें मिलने वाले लाभों को बढ़ाने की मांग को खारिज कर दिया गया था। कोर्ट के समक्ष यह भी बताया गया कि संबंधित प्राधिकरण ने न केवल आर्थिक सहायता देने से इंकार किया, बल्कि सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने से भी मना कर दिया। याचिकाकर्ता खुद को चर्चित दुष्कर्म मामलों में प्रमुख अभियोजन गवाह बता रहे हैं।

## समाधान शिविर में शिकायतों के निपटारे में फतेहाबाद नंबर वन

**चंडीगढ़।** समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निपटान में फतेहाबाद जिला पूरे प्रदेश में अव्वल स्थान पर रहा है। सरकार में श्रम विभाग प्रधान सचिव राजीव रंजन ने शुक्रवार को आयोजित समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक में उपलब्धि पर डीसी डॉ. विवेक भारती और जिला प्रशासन की कुशल प्रशासनिक कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। प्रधान सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा करते हुए कहा कि फतेहाबाद जिला प्रशासन समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेकर उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित कर रहा है, जो अन्य जिलों के लिए भी एक उदाहरण व अनुकरणीय कदम है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर वर्ष 2024 की कोई भी शिकायत जिला में लंबित नहीं है, जो प्रशासन की प्रतिबद्धता और कार्यक्षमता को दर्शाता है। साथ ही उन्होंने सभी लंबित मामलों के शीघ्र निपटान के निर्देश भी दिए।डीसी डॉ. विवेक भारती ने बैठक में सभी विभागाध्यक्षों को कहा किए यह टीम भावना के कारण ही ये संभव हो पाया है।

## प्रदेश में एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध : कृष्ण बेदी

**चंडीगढ़।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा प्रदेश में एलपीजी गैस आपूर्ति पूर्णतया निर्बाध और सुचारू है और रहेगी। गैस उपभोक्ताओं को किसी भी दहशत और भ्रामक प्रचार का शिकार होने की जरूरत नहीं है। प्रदेश में गैस भंडारण आवश्यकता अनुसार पर्याप्त है और लोगों को गैस आपूर्ति से संबंधित कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य प्रदेश का चहुंमुखी विकास करना है। विशेषकर ग्रामीण अंचल में बेहतर सड़कों का निर्माण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, पेयजल एवं बिजली की निर्बाध आपूर्ति जैसी मूल आवश्यकताओं पर निरंतर फोकस किया जा रहा है। प्रदेश के आखिरी कोने तक आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ मिले, यह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विजन है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | कुरुक्षेत्र में गीता द्वार से सहारनपुर यमुनानगर रादौर लाडवा कुरुक्षेत्र रोड के ज्योतिसर सेक्शन कि.मी. 76.150 से 85.00 तक रोड के सेंट्रल वर्ज में पौधारोपण के लैंडस्कैपिंग कार्य का वार्षिक रखरखाव (रोड आईडी-8023) | 20.03.2026 30.03.2026 | 11.42 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 eehortpwd@gmail.com |
| 2 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में जीन्द निर्वाचन क्षेत्र में (हैंड-5054 के तहत) 2 अदद रोड को चौड़ा करना और मजबूतीकरण, 1. जीन्द-सफीदों रोड से अभितपुर-खोखारी-बोहतवाला-दालमवाला से कंडेरा रोड (परशुराम चौक से बाईपास तक) (रोड आईडी 6607), 2. निर्जन अप्रोच रोड (आईडी 6613)। | बंद होने की तिथि 28.03.2026 | 456.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 3 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स जीन्द में किंडर गार्टन का निर्माण। | बंद होने की तिथि 25.03.2026 | 17.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 4 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | वर्ष 2026-27 हेतु (12 माह) नूह जिला (2216) में 4 अदद स्थलों के लैंडस्केपिंग कार्य का वार्षिक रखरखाव, 1. राजस्व अधिकारियों की कॉलोनी नूह में पार्क, 2. राजस्व अधिकारियों की कॉलोनी पुन्हाना में पार्क, 3. न्यायिक अधिकारियों की कॉलोनी एफ.पी. झिरका में पार्क, 4. राजस्व अधिकारियों की कॉलोनी तावडू में पार्क और अन्य 12 कार्य। | 19.03.2026 30.03.2026 | 184 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | आरडी 57200/एल करसोला माइनर पर गांव फरमाना खास आउटफॉल पर नीचे पड़ने वाले क्षेत्र के खेतों से बाढ़ का पानी निकालने के लिए भूमिगत एचडीपीई पाइप लाइन बिछाना + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 27.03.2026 | 239.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पंचकूला | उठान जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, भिवानी में 65 अदद नये इलैक्ट्रिक पैनल्स की आपूर्ति। | 20.03.2026 03.04.2026 | 59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2582542 xenproc@gmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा सिरसा | पंजाब बॉर्डर से घग्गर नदी के मौजूदा मार्जिनल एम्बैंकमेंट्स बायें और दायें साइड तक विभिन्न कमजोर और कर्व प्वाइंट्स पर स्टोन स्टेइनिंग/स्टोन बाउल्डर सहित घग्गर बांध का मजबूतीकरण और संरक्षण। | बंद होने की तिथि 26.03.2026 | 834.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996665761 xenghaggar@gmail.com |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा चरखी दादरी | स्टोर में बियरिंग ऑयल सर्वो सिस्टम 68 की आवश्यकता और एक अन्य कार्य। | बंद होने की तिथि 25.03.2026 | 1.65 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in — पीआरडीएच-11/2026/160/44066/I/88/6 दि. 20.03.26

## नवरात्र पर विशेष



### तृतीया-चंद्रघंटा

देवी का तीसरे दिन चंद्रघंटा स्वरूप होता है। मस्तिष्क पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र होने के कारण ये चंद्रघंटा कहलाती हैं। स्वर्ण के समान पीले रंग वाली देवी के तीन नेत्र और दस हाथ हैं, जिन पर विविध अस्त्र-शस्त्र सुशोभित हैं। चंद्रघंटा देवी का वाहन सिंह है। इन्हें श्री समृद्धि की देवी भी माना जाता है। यह दैत्यों का संहार करने वाली तथा प्रकृति की रक्षक भी मानी जाती है।

मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली हैं। माता के इस रूप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है–

*पिंडजप्रवरारूढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता।*
*प्रसादं तनुते मह्यां चंद्रघंटेति विश्रुता॥*

## राजस्थान से दो का अपहरण कर लोहारू लाए दादरी के युवक

# व्यापारी का अपहरण कर 20 लाख फिरौती मांगी, मुठभेड़ में 3 गिरफ्तार

- व्यापारी व चालक को उनकी ही फॉर्च्यूनर गाड़ी में पीछे बांधकर डाला, पुलिस ने आरोपियों से हथियार भी बरामद किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू



लोहारू। फिरौती मांगने वाले तीनों आरोपी पुलिस टीम की गिरफ्त में।

निकटवर्ती राजस्थान के झुंझुनू जिले से फॉर्च्यूनर गाड़ी सहित एक व्यापारी और गाड़ी चालक को अगवा कर लिया गया। उनके परिजनों से व्हाट्सएप कॉल करके 20 रुपये की फिरौती मांगने के इस सनसनीखेज मामले में लोहारू डिटेक्टिव स्टाफ की टीम की मुस्तैदी काम आई और पुलिस टीम ने तीन बदमाशों को काबू कर लिया। उनके कब्जे से अगवा किए दोनों पीड़ितों को भी सकुशल छुड़वा लिया गया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के कब्जे से एक अवैध पिस्तौल, मैगजीन और तीन कारतूस सहित नकदी भी बरामद की है। शुक्रवार सायं को डीएसपी संजीव व डिटेक्टिव स्टाफ इंचार्ज सतीश ने खुलासा किया तथा बताया कि लोहारू थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

राजस्थान के भोजासर गांव निवासी करीब 60 वर्षीय सुरेंद्र अपनी फॉर्च्यूनर गाड़ी में सवार होकर जयपुर से भोजासर गांव जा रहे थे और गाड़ी को चालक महिपाल चला रहा था। एक कार सवार चार-पांच युवकों ने उनकी गाड़ी को राजस्थान के घोड़ीवारा के पास पिस्तौल के बल पर रुकवा लिया और हवाई फायर कर गाड़ी की चाबी छीनकर दोनों को गाड़ी में ही अगवा कर लिया। इस दौरान बदमाशों ने उनके साथ मारपीट की और उनका मोबाइल और नकदी भी छीन ली। बताया जाता है कि गाड़ी में सवार तीन बदमाशों ने सचिन नामक व्यक्ति को फोन कर 20 लाख रुपये की फिरौती मांगी तथा तब जाकर परिजनों को दोनों के अगवा होने की सूचना मिल पाई।

### पुलिस की गाड़ी को ठोंका दो ओवरब्रिज से कूदे

डिटेक्टिव स्टाफ के एसआई विनोद कुमार को अपहरणकर्ताओं की लोकेशन लोहारू के पास होने की सूचना मिली। इस पर पुलिस टीम लोहारू-पिलानी रोड पर ओवरब्रिज पर पहुंच गई। यहां आरोपियों की गाड़ी को रुकवाना चाहा तो उन्होंने पुलिस की गाड़ी में ठोंक दिया। पुलिस टीम ने आरोपी चालक को काबू कर लिया। इतने में दो युवक ओवरब्रिज से नीचे कूद गए, जिनमें उन्हें चोटें आईं। पुलिस ने चालक रोहित और कृष व नतिन को भी मौके पर ही काबू कर लिया। तीनों युवक चरखी दादरी जिले के ही बताए जाते हैं। पुलिस ने फॉर्च्यूनर गाड़ी सहित अपहृत व्यक्ति सुरेंद्र और चालक महिपाल को भी बरामद कर लिया। बदमाशों ने इन दोनों लोगों के हाथ बांधकर उन्हें पीछे की सीट पर डाल रखा था। पुलिस ने हथियारों के अलावा आरोपियों से सोने की चेन के टुकड़े व चार मोबाइल भी बरामद किए हैं।

## पुलिस सुरक्षा लेने को ठेका संचालक ने खुद पर चलवाई थी गोली



**भूना।** चौबारा गांव में शराब ठेके पर हुई फायरिंग के मामले में पुलिस ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। ठेका संचालक ने खुद पर ही हमला करवाया था ताकि उसे सरकारी सुरक्षा मिल सके।

थाना भूना पुलिस के अनुसार, 18 मार्च 2026 को चौबारा निवासी अजय उर्फ मंत्री ने शिकायत दी थी कि उसके ठेके पर मोटरसाइकिल सवार युवक ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग की है। पुलिस जांच के दौरान घटनास्थल पर मिले साक्ष्य संदिग्ध लगे। पुलिस ने तकनीकी जांच और गहन पूछताछ की, जिसमें सामने आया कि पूरी घटना सुनियोजित साजिश थी। अजय उर्फ मंत्री ने अपने साथियों अशोक कुमार उर्फ अखन और उत्तम कुमार के साथ मिलकर फर्जी फायरिंग करवाई थी ताकि पुलिस सुरक्षा हासिल की जा सके। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## जजपा नेता देवेंद्र कादियान ने मांगी सुरक्षा

# पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत के बहनोई से मांगी पांच करोड़ की रंगदारी

- वाट्सएप कॉल और वॉयस रिकॉर्डिंग भेजकर अमित भाऊ गैंग के नाम से दी धमकी
- पूर्व डीजीपी ओपी सिंह के आदेश पर देवेंद्र की सुरक्षा ली गई थी वापस, अब दोबारा देने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के बहनोई व जजपा के राष्ट्रीय महासचिव देवेंद्र कादियान को वाट्सएप कॉल और वॉयस रिकॉर्डिंग भेजकर पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है। रंगदारी मांगने वाले ने स्वयं को अमित भाऊ गैंग का सदस्य बताया है। आरोपी ने देवेंद्र को धमकी दी है कि रंगदारी नहीं दिए जाने पर उनके बच्चों व फार्म हाउस पर हमला किया जा जाएगा।

बता दें कि 2019 में देवेंद्र कादियान ने जजपा के टिकट पर पानीपत ग्रामीण से चुनाव लड़ा था। देवेंद्र, हरियाणा विधानसभा के पूर्व स्पीकर एवं इफ्को के पूर्व चेयरमैन सतबीर कादियान के पुत्र हैं। वहीं, कादियान ने प्रेस वार्ता कर धमकी दिए जाने की जानकारी देते हुए हरियाणा सरकार से सुरक्षा की मांग की है। स्मरणीय है कि गत दिनों हरियाणा पुलिस ने पूर्व डीजीपी ओपी सिंह के आदेश पर देवेंद्र कादियान समेत जजपा के पांच नेताओं की सुरक्षा वापस ले ली थी। इधर, देवेंद्र की शिकायत पर थाना चांदनी बाग पुलिस ने अज्ञात पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर, देवेंद्र कादियान ने पुलिस की सुरक्षा नहीं मिलने पर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की बात कही है। डीएसपी सतीश वत्स ने बताया कि देवेंद्र कादियान की शिकायत पर थाना चांदनी बाग पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### दोस्त की हत्या करने वाले को आजीवन कैद

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश की अदालत ने हत्या करने के आरोपी राजिन्द्र वासी सम्भालखी, जिला कुरुक्षेत्र को आजीवन कठोर कारावास व 20 हजार जुर्माने की सजा सुनाई है। 11 अप्रैल 2022 को रामधारी सम्भालखी ने थाना शाहबाद पुलिस को बयान में बताया कि उसका बड़ा भाई अमरजीत मजदूरी करता है। जिसकी दोस्ती गांव के राजिन्द्र के साथ थी। 10 अप्रैल 2022 को शाम के समय उसने देखा कि उसका भाई राजिन्द्र के साथ खेतों में बने ट्यूबवेल के कोठे की तरफ जा रहा था। अगले दिन सुबह उसको सूचना मिली कि उसके भाई अमरजीत की लाश शेर सिंह खेत में मिली है। उसका गला कस्सी के कटा हुआ था और उसके शरीर पर गहरे धाव थे। तफ्तीश के दौरान आरोपी राजिन्द्र को गिरफ्तार किया गया था।

### युवती की सगाई से नाराज प्रेमी ने जबरदस्ती जहर खिलाया, खुद भी खाया

**बल्लभगढ़।** फरीदाबाद जिले में युवती की सगाई से नाराज कथित प्रेमी ने युवती को जबरदस्ती जहर खिला दिया और खुद भी जहर खा लिया। दोनों की हालत बिगड़ने पर उन्हें तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने युवती के बयान पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पलवल जिले के एक गांव की 26 वर्षीय युवती निजी स्कूल में टीचर है। उसने बताया कि उसकी नोएडा निवासी मोनू भाटी से पिछले करीब 8 साल से दोस्ती थी। जनवरी 2026 में युवती की सगाई किसी अन्य युवक के साथ तय हो गई। मोनू 19 मार्च को उसे स्कूल से कार में बैठाकर गांव कैली के देवांश गार्डन में ले गया और उसे वहां जबरदस्ती जहर खिला दिया। इसके बाद उसने खुद भी जहर खा लिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## युवक की हत्या कर हाथ-पांव बांधकर नहर में फेंका शव

**कुरुक्षेत्र।** इस्माईलाबाद के डल्ला माजरा से नरवाना ब्रांच नहर में एक युवक का शव मिला है। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे गोताखोर प्रगट सिंह ने शव को नहर से निकालकर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के मुताबिक, युवक के हाथ-पैर पीले रंग की रस्सी से बंधे थे। उसके सिर और माथे पर गहरी चोटें लगी हैं, जैसे किसी भारी चीज से हमला किया हो, पुलिस ने हत्या की आशंका जताई है। शव 3-4 दिन पुराना लग रहा है। युवक ने ब्लैक टी-शर्ट और लोअर पहने हुए थे। युवक की बाईं बाजू पर सहोता लिखा हुआ है। पुलिस को आशंका है कि युवक पंजाब का रहने वाला है। पुलिस ने तुरंत आसपास के थानों में शव को लेकर पूछताछ की। थाना इस्माइलाबाद के एसएचओ जगदीश शर्मा ने बताया कि इस युवक की हत्या करके शव नहर में फेंका गया है। पुलिस मृतक की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

# नवरात्र में कुट्टू का आटा खाने से 25 लोग बीमार

- फरीदाबाद में एक ही दुकान से लेकर आए थे आटा, उल्टी-दस्त के कारण निजी अस्पताल में करवाए भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद



फरीदाबाद में नवरात्रि के पहले ही दिन कुट्टू का आटा खाने से 25 लोग बीमार पड़ गए। गुरुवार रात करीब 10 परिवार के सदस्यों को फूड पॉइजनिंग के बाद निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। दरअसल, नवरात्रि के पहले ही दिन इन सभी लोगों ने व्रत रखा हुआ था। किसी ने कुट्टू की रोटी बनाकर खाई तो किसी ने पकोड़े बनाकर खाए। सभी लोगों ने एक ही दुकान से आटा खरीदा था। देर रात अचानक एक-एक कर सभी लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। किसी को तेज पेट दर्द हुआ तो किसी को उल्टी और दस्त शुरू हो गए। कई लोगों को ठंड लगने लगी, बुखार और सिर दर्द के साथ बदन दर्द के बाद बेहोशी की शिकायत भी सामने आई। देखते ही देखते सभी की हालत बिगड़ती चली गई।

कुट्टू का आटा डबुआ कॉलोनी के निवासी पुलकित, माया, प्रीति, जॉनी, कपिल और मोहित सहित कई लोगों ने व्रत खोलने के लिए अपने घर के पास स्थित हरीश नाम के दुकानदार से खरीदा था। पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने कुट्टू के आटे के अलावा कोई अन्य चीज नहीं खाई थी, जिससे साफ है कि फूड पॉइजनिंग का कारण वही आटा है। घटना की सूचना डायल 112 की ईआरवी टीम को भी दी गई। तान्या नर्सिंग होम के डॉ. सेवाराम रतन ने बताया कि रात करीब 12.30 बजे से लगातार मरीज अस्पताल पहुंचने लगे थे। करीब 25 लोग उल्टी, दस्त, पेट दर्द और बुखार जैसी शिकायतों के साथ इलाज के लिए आए।

### गलत स्टोरेज से खराब होता है आटा

आमतौर पर देखा जाता है कि लंबे समय से रखा हुआ कुट्टू का आटा खाने से ही लोग बीमार होते हैं। इसमें नमी बन जाने से फंगस का डर रहता है। इसलिए ताजा आटा ही प्रयोग करें। पैक्ड आटा है तो एक्सपायरी चेक कर लें।

## नाबालिग ने दिया बच्चे को जन्म, पति पर केस दर्ज

**जींद।** नाबालिग ने बच्चे को जन्म दिया तो बाल विवाह होने का खुलासा हुआ। अलेवा थाना पुलिस ने जिला बाल संरक्षण अधिकारी की शिकायत पर पति के खिलाफ बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 14 मार्च को कैथल के नागरिक अस्पताल में गांव नगूरां हाल प्यौदा रोड कैथल निवासी भारत की पत्नी ने बच्चे को जन्म दिया है, जोकि नाबालिग है। डिलीवरी के दौरान जो दस्तावेज प्रस्तुत किए गए, उसमें जच्चा की जन्मतिथि दो अगस्त 2009 है। जिसके हिसाब से अब जच्चा की उम्र साढ़े 16 साल है। दस्तावेज में पति का नाम भारत दिया गया। नागरिक अस्पताल से सूचना पाकर बाल संरक्षण अधिकारी मौके पर पहुंची और दस्तावेजों को जांचने तथा जच्चा से बातचीत करने पर साफ हुआ कि बाल विवाह हुआ है। विवाह गांव नगूरा मे होना पाया गया।

# निजी बस में जा रहे सुनार की 40 किलो चांदी चुराकर चालक ने झाड़ियों में छिपाई

- पुलिस ने 13 घंटे में ही आरोपी चालक को पकड़कर वारदात सुलझाई, मथुरा से चांदी के जेवर लेकर फतेहाबाद देने के लिए आ रहा था दुकानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

अग्रोहा एरिया में ट्रैवलर बस से 40 किलोग्राम चांदी से भरा बैग चोरी करने में मामले को पुलिस ने वारदात के 13 घंटे के अंदर ही सुलझा लिया है। लगभग 65 लाख रुपये की चांदी से भरा बैग ट्रैवलर बस के चालक ने चोरी किया था। स्पेशल स्टाफ प्रभारी इंस्पेक्टर पवन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चोरी के आरोपी सतपाल निवासी अरनियावाली, जिला सिरसा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से चोरी किया गया चांदी से भरा बैग बरामद कर लिया है। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी पिछले 2-3 महीनों से एक प्राइवेट बस में ड्राइवर के रूप में कार्यरत था, जो गंगानगर से कानपुर रूट पर संचालित होती है।

गौरतलब है कि रविन्द्र सोनी निवासी अग्रोहा ने थाना अग्रोहा में शिकायत दी कि उसकी फतेहाबाद में देव पायल नाम से चांदी के सामान की दुकान है। मथुरा निवासी राजेश शर्मा 18 मार्च की रात लगभग 11 बजे मथुरा स्थित मिशखा इंटरप्राइज और श्रीनाथ ज्वेलर्स से 39.844 किलोग्राम चांदी का सामान लेकर एक ट्रैवलर बस द्वारा फतेहाबाद आ रहा था। राजेश शर्मा ने 19 मार्च की सुबह लगभग 6 बजे अग्रोहा के पास पहुंचकर फोन के माध्यम से सूचना दी कि बस में रखा चांदी का बैग रास्ते में चोरी हो गया है। इसके बाद तुरंत 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचित किया गया।

### पेट्रोल पंप पर लघुशंका के लिए गया तो पीछे से बैग गायब कर दिया



पत्रकारों से बातचीत करते हुए एएसपी मंयक मुदगिल ने बताया कि एक विशेष टीम का गठन किया गया था। जांच के दौरान पुलिस टीम को यात्री राजेश शर्मा ने बताया कि बस ड्राइवर पर मुझे संदेह है। आरोपी ड्राइवर को बस स्टैंड पर हांसी जाने वाले साधन का इंतजार करते हुए काबू किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बस में नियमित रूप से यात्रा करने वाला यात्री राजेश शर्मा अपने साथ हमेशा चांदी लेकर आता था। बस के पेट्रोल पंप पर रुकने के दौरान, जब राजेश शर्मा लघुशंका के लिए गया तो आरोपी ने उसका चांदी से भरा बैग चोरी कर सड़क के दूसरी ओर झाड़ियों में छुपा दिया।


## गैस की किल्लत पर भूपेंद्र हुड्डा ने उठाए सवाल

# गैस की कोई कमी नहीं तो लोगों की लाइन क्यों है?

- सरकार फसलों की तुरंत गिरदावरी करवा मुआवजा दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने देशभर में गैस की किल्लत पर सवाल उठाया है।



उन्होंने पूछा है कि अगर सरकार कोई किल्लत न होने की बात कह रही तो फिर जगह-जगह लोगों की लाइनें क्यों लगी हैं?

उन्होंने कहा कि कई जगह कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई पूरी तरह रोक दी गई है, जिसके कारण होटल, रेस्तरां, ढाबे, कैटरिंग और अन्य छोटे-बड़े व्यवसाय ठप पड़ गए हैं या बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। इसके चलते कालाबाजारी भी चालू हो गई है। हुड्डा आवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दो दिन से रुक-रुककर हो रही बेमौसमी बारिश से गेहूं और सरसों की फसल को भारी नुकसान हुआ है। ऐसे में सरकार को तुरंत गिरदावरी करवाकर किसानों को मुआवजा देना चाहिए।

### साजिश रचकर कांग्रेस के 4 वोट रद्द करवाए

राज्यसभा चुनाव पर जवाब में हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस के पक्ष में विधायकों ने 32 वोट डाले, लेकिन निर्वाचन अधिकारी ने बीजेपी के साथ मिलकर साजिश की और हमारे 4 वोट रद्द कर दिए। इसके विरुध कांग्रेस ने शिकायत की है। साथ ही कांग्रेस के जिन 5 लोगों ने क्रॉस वोटिंग की है, उन पर हाईकमान की तरफ से एक्शन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## हरियाणा बोर्ड की परीक्षा में सख्ती

# तीन कर्मचारियों को परीक्षा ड्यूटी से किया रिलीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई जा रही सेकेंडरी की राष्ट्रीय कौशल योग्यता फ्रेमवर्क एवं सीनियर सेकेंडरी की सैनिक विज्ञान/नृत्य/मनोविज्ञान, संस्कृत व्याकरण भाग-1 (आर्ष पद्धति गुरुकुल/परंपरागत संस्कृत विद्यापीठ) एवं डी.एल.एड. की परीक्षा नकल रहित संचालित हुई।

सेकेंडरी की परीक्षा में अनुचित साधन का केवल 1 मामला दर्ज किया गया तथा परीक्षा ड्यूटी में लापरवाही के चलते 2 लिपिक व 1 पर्यवेक्षक को कार्यभार मुक्त किया गया। उन्होंने बताया कि बोर्ड उपाध्यक्ष के उड़नदस्ते की जांच में परीक्षा केन्द्र रा.क.व.मा.वि. बामला-2 (भिवानी) पर नियुक्त लिपिक संजय कुमार, रा.प्रा.पा. बामला को बोर्ड नियमानुसार कार्य न करने पर परीक्षा ड्यूटी से कार्यभार मुक्त किया गया। इसी केन्द्र पर नियुक्त पर्यवेक्षक नरेश कुमार, रा.प्रा.पा. दिनोद को भी कार्यभार मुक्त किया गया।

### नकल का 1 केस दर्ज

उप-मंडल प्रश्न पत्र उड़नदस्ता बरवाला (हिसार) द्वारा परीक्षा केन्द्र रा.व.मा.वि., दौलतपुर पर परीक्षार्थियों की तलाशी के दौरान अनुचित साधन प्रयोग का 1 केस दर्ज किया गया। जिला रोहतक के परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण में रा.क.व.मा.वि., महम-6 पर नियुक्त लिपिक रघुवीर सिंह, रा.व.मा.वि., महम को नियमों के विरुद्ध नियुक्त पाए जाने पर परीक्षा ड्यूटी से कार्यभार मुक्त किया गया।



## खबर संक्षेप



### पीएम मोदी से मिले उपराज्यपाल संधू

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मंगलवार को दिल्ली के 23वें उपराज्यपाल के रूप में शपथ लेने के बाद संधू की पीएम मोदी से ये पहली मुलाकात है। 5 मार्च को जिम्मेदारी दी गई थी। संधू ने एक्स पर मुलाकात की तस्वीर शेयर की है।

### राज्यमंत्री जयंत को जान से मारने की धमकी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी को एक अज्ञात कॉलर से जान से मारने की धमकी मिली है।



अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि इस मामले में शिकायत दर्ज होने के बाद उनकी सुरक्षा की समीक्षा की गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। केंद्रीय मंत्री चौधरी को एक अज्ञात नंबर से धमकी भरा फोन आया था।

### ओडिशा में मंत्री के इस्तीफे की मांग, विस में हंगामा

**भुवनेश्वर।** ओडिशा विधानसभा में शुक्रवार को हंगामा हुआ। कटक के अस्पताल में आग और उसमें 12 मरीजों की मौत के मुद्दे पर ओडिशा विधानसभा में विपक्षी विधायक नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। विपक्ष इस घटना पर स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंग के इस्तीफे की मांग पर अड़े हैं।

### श्री दमदमा साहिब के लिए रेल संपर्क को मिली मंजूरी

**बठिंडा।** केंद्र सरकार ने तख्त श्री दमदमा साहिब की पवित्र भूमि तलवंडी साबो के लिए रेल मार्ग को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। श्री दमदमा साहिब, सिख धर्म के पांच तख्तों में से एक है। केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने इस मंजूरी की घोषणा करते हुए कहा कि यह परियोजना केवल एक रेलवे लाइन का निर्माण नहीं बल्कि पंजाब के लिए आस्था, गौरव और बहुप्रतीक्षित न्याय का प्रतीक है।

**केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय को अवगत कराया**

# एनसीईआरटी की पुस्तक में न्यायपालिका संबंधी अध्याय की समीक्षा के लिए समिति गठित की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय को अवगत कराया कि उसने राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की आठवीं कक्षा की पुस्तक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' संबंधी अध्याय की समीक्षा के लिए एक समिति का गठन किया है, जिसमें शीर्ष अदालत के दो पूर्व न्यायाधीश एवं एक पूर्व अटॉर्नी जनरल शामिल होंगे।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जोयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ को बताया कि समिति में वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व अटॉर्नी जनरल के.के. वेणुगोपाल, पूर्व न्यायाधीश इंदु मल्होत्रा एवं वर्तमान राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के निदेशक न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अनिरुद्ध बोस के साथ-साथ एक कुलपति भी शामिल हैं। मेहता ने कहा के हमने इस अध्याय को तैयार करने के लिए समिति गठित की है।

**एनसीईआरटी के पूर्व सदस्य पंकज पुष्कर ने दायर की थी याचिका**



> शीर्ष अदालत के दो पूर्व न्यायाधीश एवं पूर्व अटॉर्नी जनरल भी शामिल होंगे

मेहता ने कहा कि श्री के.के. वेणुगोपाल समिति के सदस्य होंगे। न्यायमूर्ति इंदु मल्होत्रा भी हिस्सा होंगी। हमने राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी से न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस को शामिल होने का अनुरोध किया है।" उच्चतम न्यायालय उस याचिका की सुनवाई कर रहा था, जो एनसीईआरटी के पूर्व सदस्य पंकज पुष्कर ने दायर की थी। यह याचिका आठवीं कक्षा की एक पाठ्यपुस्तक में वर्णित एक आदेश के खास अंश के खिलाफ थी। उस आदेश में लिखा था, "हाल के निर्णय झुग्गी-झोपड़ी के निवासियों को शहर में अतिक्रमणकारी के रूप में देखने की प्रवृत्ति रखते हैं।" न्यायालय ने कहा कि न्यायपालिका को स्वस्थ आलोचना के प्रति अति-संवेदनशील नहीं होना चाहिए। इसने याचिका की सुनवाई से इनकार कर दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, "यह किसी निर्णय के बारे में एक दृष्टिकोण है। यह एक स्वस्थ आलोचना है। न्यायपालिका को इसके प्रति इतना अति-संवेदनशील क्यों होना चाहिए। पुस्तक के इस भाग में न्यायपालिका की संरचना क्या है, वे कैसे काम करते हैं, उन्होंने क्या किया है, यह बताया गया है और कुछ अच्छी बातें भी उजागर की गई हैं।"

## प्रेमानंद से मिलीं राष्ट्रपति



**वृंदावन।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उत्तर प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। दौरे के दूसरे दिन वे शुक्रवार को धर्म नगरी वृंदावन पहुंचीं। यहां उन्होंने प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम 'श्री हित राधा केलि कुंज' में उनसे विशेष भेंट की। राष्ट्रपति का काफिला आश्रम पहुंचा, जहां महाराज जी ने 'राधे-राधे' के उद्घोष के साथ उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति मुर्मू और प्रेमानंद महाराज के बीच यह मुलाकात करीब 27 मिनट तक चली। इस दौरान राष्ट्रपति ने बैठकर महाराज जी के विचार सुने और उनसे देश की सुख-समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा।

## ईरान जंग पर ट्रंप का नाम लिए बिना मोहन भागवत बोले

# युद्ध स्वार्थ और वर्चस्व की चाहत का नतीजा, भारत कराएगा खत्म

> **भारत का प्राचीन ज्ञान हमें सिखाता है कि सभी आपस में जुड़े हुए हैं और एक हैं**

> अमेरिका जंग पर संघ प्रमुख भागवत ने दुनिया को शांति का संदेश देते हुए कहा कि भारत का स्वभाव ही ऐसा है जो सद्भाव में विश्वास रखता है। यही कारण है कि पूरी दुनिया से यह आवाज उठ रही है कि भारत ही ईरान-इजराइल युद्ध को खत्म करने में मदद कर सकता है।

एजेंसी ▶▶ नागपुर

ईरान-अमेरिका जंग पर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने दुनिया को शांति का संदेश दिया है। नागपुर में संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि युद्ध केवल स्वार्थी हितों का परिणाम है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम लिए



बगैर मोहन भागवत ने नसीहत दी कि दुनिया को संघर्ष की नहीं, बल्कि सद्भाव की जरूरत है। उन्होंने भी इस बात पर जोर दिया कि युद्ध केवल भारत ही खत्म कर सकता है। महाराष्ट्र के नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने शकहा कि दुनिया में संघर्षों की जड़ स्वार्थ एवं वर्चस्व की चाह है और स्थायी शांति केवल एकता, अनुशासन और धर्म के पालन से ही प्राप्त की जा सकती है। कई देश कह रहे हैं कि केलल भारत ही चल रहे युद्ध को खत्म कर सकता है। दुनिया के चिंतकों के ध्यान में बार-बार देशों से आवाज़ उठ रही है कि चल रहे युद्ध को खत्म भारत ही कर सकता है क्योंकि विकासशील भारत की प्रवृत्ति का ज्ञान है।



**भागवत ने विहिप के कार्यालय की आधारशिला रखी**

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दुनिया 2,000 वर्षों से संघर्षों के समाधान के लिए विभिन्न विचारों के साथ प्रयोग करती रही है लेकिन उसे खास सफलता नहीं मिल। साथ ही उन्होंने कहा कि धार्मिक असहिष्णुता, जबरन धर्म परिवर्तन और श्रेष्ठता एवं हीनता के विचार अब भी मौजूद हैं। मोहन भागवत ने नागपुर में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कार्यालय की आधारशिला रखने के बाद इस सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का प्राचीन ज्ञान सिखाता है कि सभी जुड़े हुए हैं और एक हैं। उन्होंने संघर्ष से सौहार्द और सहयोग की ओर बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान भी धीरे-धीरे इसी समझ की ओर बढ़ रहा है।

**आचरण के महत्व पर भी दिया जोर**

- आरएसएस प्रमुख ने कहा कि दुनिया में संघर्षों की जड़ स्वार्थ एवं वर्चस्व की चाह है और स्थायी शांति केवल एकता, अनुशासन और धर्म के पालन से ही हासिल की जा सकती है।
- भागवत ने आचरण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि धर्म केवल शास्त्रों तक सीमित नहीं रह सकता बल्कि यह लोगों के व्यवहार में भी दिखना चाहिए
- उन्होंने कहा कि अनुशासन व नैतिक मूल्यों के पालन के लिए निरंतर अभ्यास की जरूरत होती है और इसमें अक्सर व्यक्तिगत कठिनाई भी झेलनी पड़ती हैं
- भारत मानवता में विश्वास करता है जबकि अन्य देश अस्तित्व के लिए संघर्ष और ताकतवर के टिके रहने के सिद्धांत को मानते हैं, उन्होंने कहा कि दुनिया को संघर्ष नहीं, बल्कि सौहार्द की जरूरत है।

**असम के सीएम हिमंत ने किया नामांकन**



**116 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया:** गुवाहाटी (भाषा)। असम विधानसभा चुनावों के लिए शुक्रवार तक मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा समेत कुल 116 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि 126 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव के लिए शुक्रवार को 109 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए।

**टीएमसी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में 10 वादे किए**

## एससी-एसटी महिलाओं को 1700 व बाकी को 1500 मिलेंगे : ममता

भाषा ▶▶ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को अपना घोषणापत्र जारी किया जिसमें मौजूदा कल्याणकारी योजनाओं के दायरे को व्यापक बनाने, स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को मजबूत करने और बुनियादी ढांचे के विकास से संबंधित 10 वादे किए गए हैं।

ममता ने लक्ष्मी भंडार योजना के तहत महिलाओं को हर महीने मिलने वाली सहायता राशि 500-500 बढ़ाने का वादा किया है। सामान्य वर्ग की महिलाओं को प्रति माह 1,500 रुपये मिलेंगे, जबकि अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों से संबंधित महिलाओं को प्रत्यक्ष हस्तांतरण के माध्यम से प्रति माह 1,700 रुपये प्राप्त होंगे।



### चुनाव आयोग के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंची टीएमसी

तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल में विधानसभा चुनावों की घोषणा के तुरंत बाद कई भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस ) अधिकारियों के तबादले के निर्वाचन आयोग के आदेश को चुनौती देते हुए शुक्रवार को कोलकाता हाई कोर्ट का रुख किया।

## तमिलनाडु: एआईडीएमके चार दिन में करेगी सीट बंटवारा

**चेन्नई(एजेंसी)।** अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के महासचिव ई. के. पलानीस्वामी ने



कहा कि 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए उनकी पार्टी भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के अन्य घटक दलों के साथ सीट बंटवारे को अंतिम रूप देगी तथा दलों को आवंटित निर्वाचन क्षेत्रों की औपचारिक घोषणा चार दिन में कर देगी। पलानीस्वामी ने गत रात शाह से उनके आवास पर मुलाकात की थी।

### द्रमुक ने कहा- अन्नाद्रमुक पार्टी अपने दफ्तर पर 'ताला' जड़ दे

**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक ने ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के प्रमुख ई.के. पलानीस्वामी पर तंज कसते हुए कहा कि उनका दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत करना अप्रत्याशित है, क्योंकि तमिलनाडु में विपक्षी दल (अन्नाद्रमुक) राजग का नेतृत्व कर रहा है। द्रमुक नेता एवं राज्य मंत्री के. एन. नेहरू ने तंज कसते हुए अन्नाद्रमुक से कहा कि उसे यहां स्थित मुख्यालय पर ''ताला'' जड़ देना चाहिए।

## नीतीश ने जद(यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए चौथी बार भरा नामांकन

**नई दिल्ली (भाषा)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनता दल (यूनाइटेड) अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। वह राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने के साथ राष्ट्रीय राजनीति में वापसी की तैयारी कर रहे हैं। जद(यू) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने



बृहस्पतिवार को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में कुमार का नामांकन प्रस्तुत किया। झा कुमार के प्रस्तावकों में से एक हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नामांकन दाखिल करने के लिए दिल्ली नहीं आए। पार्टी सूत्रों के अनुसार, कुमार का निर्विरोध निर्वाचित होना तय है, क्योंकि इस पद के लिए किसी और के नामांकन दाखिल करने की संभावना नहीं के बराबर है। जद(यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि इस पद के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 22 मार्च है, जबकि उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि 24 मार्च है। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच 23 मार्च को की जाएगी। उन्होंने बताया, श्यदि कोई अन्य उम्मीदवार नामांकन दाखिल करता है, तो मतों की गिनती 27 मार्च को होगी। अब तक केवल एक (नीतीश कुमार का) नामांकन दाखिल हुआ है। राजीव रंजन सिंह के दिसंबर 2023 में पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद कुमार ने 2024 के लोस चुनावों से पहले जद(यू) की कमान संभाली।

**केरलम में राहुल ने कहा**

## अब जनता को यूडीएफ पर पूरा भरोसा, वामपंथ की विदाई तय

एजेंसी ▶▶ केरलम

यहां चुनावी हलचल के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि केरल के लोग अब बदलाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने राज्य में यूडीएफ की सरकार बनाने की वकालत की और वामपंथी सरकार की विदाई को तय बताया। एक्स पर एक पोस्ट में लिखा 'टीम यूडीएफ ही टीम केरलम है।' हर उम्मीदवार केरलम के लोगों की आवाज, उनकी उम्मीदों और उनके भरोसे को दर्शाता है। मेरे लिए केरलम एक घर की तरह है और वहां के लोग मेरा परिवार हैं। केरल के लोगों ने मुझे जो कुछ भी सिखाया है। उसके लिए मैं उनका कर्जदार हूं।



### राहुल गांधी शिमला पहुंचे

शिमला (भाषा) कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शुक्रवार को हिमाचल प्रदेश के शिमला पहुंचे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निजी दौरे पर आए राहुल गांधी दोपहर में शिमला पहुंचे और वहां से करीब 12 किलोमीटर दूर स्थित अपनी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा के छराबड़ा स्थित आवास के लिए रवाना हो गए।

**धामी कैबिनेट का विस्तार**

## विधायक खजान, भरत सिंह सहित 5 मंत्रियों ने ली शपथ

एजेंसी ▶▶ देहरादून

धामी मंत्रिमंडल में 5 नए मंत्रियों की ताजपोशी की गई। राजपुर विधायक खजान दास, भरत सिंह चौधरी, मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा और राम सिंह केड़ा ने शुक्रवार को धामी मंत्रिमंडल में मंत्रिपद की शपथ ली। प्रदेश में लंबे समय से कैबिनेट विस्तार की चर्चाएं थी, जिन पर विराम लगा।

नवरात्र के दूसरे दिन लोकभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने सबसे पहले राजपुर विधायक खजान दास को शपथ दिलाई। इसके बाद भरत सिंह चौधरी ने संस्कृत में शपथ ली। फिर विधायक मदन कौशिक, प्रदीप बत्रा और राम सिंह केड़ा ने भी शपथ ली। नए



चेहरों का चयन विधायकों के पिछले 4 साल के कामकाज का रिकॉर्ड देखकर किया गया है। नई कैबिनेट में क्षेत्रीय व जातीय समीकरण के बीच संतुलन बनाया गया। राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ इस पर कई दौर की वार्ता हो चुकी थी। सरकार व संगठन के बीच कैबिनेट विस्तार के लिए होमवर्क पूरा होने के बाद इसके लिए नवरात्र का शुभ मुहूर्त चुना गया। पहली बार हरिद्वार को 2 कैबिनेट मंत्री मिले।

**सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका**

> याचिकाकर्ता खुद पेश हुए बयान रिकार्ड में दर्ज कराए

## ब्राह्मणों के खिलाफ हेट स्पीच को भी माना जाए अपराध, अर्जी वापस की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक रिट याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। याचिका में ब्राह्मण समुदाय के खिलाफ हेड



स्पीच, जिसे 'ब्राह्मोफोबिया' बताकर इसे जाति आधारित भेदभाव के तहत दंडनीय अपराध घोषित करने की मांग की गई थी। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने याचिकाकर्ता महालिंगम बालाजी की संक्षिप्त सुनवाई के बाद याचिका को खारिज कर दिया। बालाजी खुद कोर्ट में पेश हुए थे। बाद में याचिकाकर्ता ने फिर से मामला उठाया और याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, ताकि वह उचित मंच पर अपनी बात रख सकें। कोर्ट ने उन्हें याचिका वापस लेने की इजाजत दे दी।

### किसी भी समुदाय के खिलाफ नफरत भरी भाषा नहीं चाहते

जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि हम किसी भी समुदाय के खिलाफ नफरत भरी भाषा नहीं चाहते। यह सब शिक्षा, बौद्धिक विकास, सहनशीलता और धैर्य पर निर्भर करता है। अंत में सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता को अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता, जो खुद पेश हुए हैं। उन्होंने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी है। उनकी बात रिकॉर्ड में दर्ज की जाती है। यह याचिका वापस ली गई मानकर खारिज की जाती है।

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)**

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुये अधोहस्ताक्षरी ने कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित कर्जदार / सह-कर्जदारों को राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी। ''कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित ''आईआईएफएल एचएफएल'' को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को ''आईआईएफएल एचएफएल'' द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु ''आईआईएफएल एचएफएल'' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।''

| कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों) का नाम | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री रामविलास श्री अजय श्रीमती मीना अजय कार मैकेनिक रामविलास मिल्क डेयरी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10598891) | गांव इंटेल खुर्द, तहसील व जिला जीन्द, हरियाणा, भारत 126102 में स्थित किल्ला नं. 16/1 में निहित खेवट नं. 363, खाता नं. 450 में से सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built Up Area, Carpet Area. सम्पत्ति क्षेत्रफल : 900.00, 900.00, 720.00 | रु. 569390/- रुपये पांच लाख उनहत्तर हजार तीन सौ नब्बे केवल | 24-10-2025 | 17/03/2026 |
| श्री प्रद्युम्न श्री नरेश कुमार श्रीमती परमजीत कौर प्रिंस बाईक लैमिनेशन (प्रोस्पैक्ट नं. IL10569309) | प्लॉट/मकान यू.आई.डी. नं. 058924554m3000rr137a, गांव माजरा रोहेड़ा, कैथल, हरियाणा-136044 क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 246.00, 246.00 | रु. 310422/- रुपये तीन लाख दस हजार चार सौ बाईस केवल | 03-11-2025 | 18/03/2026 |
| श्रीमती दर्शना श्री अमर कुमार दर्शना मिल्क डेयरी (प्रोस्पैक्ट नं. IL10693228) | प्लॉट/मकान यू.आई.डी. नं. 60992CHH00000IH0092, एलएचडी आई.डी. नं. 609920092 गांव छान, बरवाला, हिसार, हरियाणा-125121 क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2809.00, 1746.00 | रु. 462197/- रुपये चार लाख बासठ हजार एक सौ सतानबे केवल | 25-10-2025 | 17/03/2026 |
| श्री मुकेश श्रीमती राजिया, मुकेश मार्केट सप्लाई (प्रोस्पैक्ट नं. IL10734231) | गांव झील, तहसील उचाना, जिला जीन्द, हरियाणा, भारत-126116 में स्थित खेवट और खाता नं. 429/543 में निहित सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में): सम्पत्ति प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Super_Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 459.00, 412.00, 212.00, 330.00 | रु. 332123/- रुपये तीन लाख बत्तीस हजार एक सौ तेईस केवल | 12-09-2025 | 18/03/2026 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एसकरनाल – एससीओ-408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा-132001 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 21.03.2026 — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.

**Horticulture Department (Haryana)**
Integrated Horticulture Development Centre,
Sundrah, (Mahendragarh)
Email:- ihdcsundrah@gmail.com,Ph:-01285-244076

**ई-निविदा सूचना**

उप निदेशक उद्यान, IHDC, सुन्दरह, द्वारा बागवानी विभाग हरियाणा के सुन्दरह, महेन्द्रगढ़ में स्थित एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह पर स्थित हाई-टेक ग्रीनहाउस में "Supply and Installation of Aluminet Thermal Net" हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। आयोजन की महत्वपूर्ण तिथियां निम्नलिखित हैं:-

| क्र.सं. | विवरण | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | निविदा प्रारंभ तिथि | 24.03.2026 | दोपहर 01.00 बजे |
| 2. | बोली जमा करने और ईएमडी की अंतिम तिथि | 15.04.2026 | अप. 05.00 बजे |
| 3. | तकनीकी बोली का खुलना | 16.04.2026 | सुबह 11.00 बजे |
| 4. | वित्तिय बोली का खोलना | 20.04.2026 | सुबह 11.00 बजे |

ईएमडी राशि 10000/- रूपए (केवल दस हजार रूपए) होगी। इच्छुक बोलीदाताओं को सुरक्षित इलैक्ट्रॉनिक गेटवे की सेवा का उपयोग करके अनिवार्य रूप से 1180/- रूपए (एक हजार एक सौ अस्सी रूपए मात्र) का ई-सेवा शुल्क (वापसी योग्य नहीं) और 1000/- रूपए (एक हजार रूपए मात्र) का निविदा दस्तावेज शुल्क (वापसी योग्य नहीं) ऑनलाइन भुगतान करना होगा। विस्तृत विवरण नियम और शर्तें ई-टेंडर पोर्टल यानी https://etenders.hry.nic.in पर दिनांक 24.03.2026 को दोपहर 01:00 बजे से उपलब्ध निविदा दस्तावेजों में निर्दिष्ट हैं।

हस्ता/-उपनिदेशक उद्यान
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह

पीआरडीएच-1149/11/1066/2026/44068/88/6 दि. 20.03.26

चिंतन

# आईपीएल से पूर्व ऑनलाइन सट्टेबाजी पर कड़ा एक्शन

आईपीएल जैसे बड़े आयोजनों से ठीक पहले केंद्र सरकार का ऑनलाइन सट्टेबाजी पर कड़ा एक्शन सिर्फ एक प्रशासनिक कदम नहीं, बल्कि डिजिटल दौर में बढ़ती एक गंभीर सामाजिक समस्या के खिलाफ चेतावनी है। चमक-दमक, बड़े-बड़े विज्ञापन और सेलिब्रिटी के चेहरे इन सबके पीछे छिपा कड़वा सच अब धीरे-धीरे सामने आ रहा है कि ऑनलाइन सट्टेबाजी का खेल असल में आम लोगों की जेब काटने का सुनियोजित तंत्र बन चुका है। सरकारी आंकड़े खुद इस खतरे की गंभीरता को उजागर करते हैं। 300 वेबसाइट्स और एप्स को एक साथ ब्लॉक करना और अब तक 8400 प्लेटफॉर्म्स पर प्रतिबंध लगाना बताता है कि यह कोई छोटा-मोटा मामला नहीं है। खास बात यह है कि इनमें से अधिकांश प्लेटफॉर्म अवैध रूप से संचालित हो रहे थे और करोड़ों रुपये का लेनदेन बिना किसी पारदर्शिता के कर रहे थे। यह न सिर्फ आर्थिक अपराध है, बल्कि सामाजिक असंतुलन को भी जन्म देता है। ऑनलाइन सट्टेबाजी का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि यह युवाओं को तेजी से अपनी गिरफ्त में ले रहा है। पैसा कमाने का लालच, मोबाइल स्क्रीन पर एक क्लिक की दूरी और जीत की झूठी कहानियां, ये सब मिलकर एक ऐसा भ्रम पैदा करते हैं, जिसमें फंसकर लोग अपनी मेहनत की कमाई गंवा बैठते हैं। आंकड़े बताते हैं कि करीब 90 फीसदी लोग इस खेल में हारते हैं, लेकिन प्रचार ऐसा किया जाता है, मानो हर कोई जीत रहा हो। यही धोखा सबसे बड़ी ऑनलाइन ठगी का मकड़जाल है। सरकार द्वारा लागू किया गया प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग बिल 2025 इस दिशा में एक बड़ा और सख्त कदम है। रियल मनी गेम्स पर पूर्ण प्रतिबंध, सख्त सजा और भारी जुर्माने का प्रावधान, और एक नियामक संस्था का गठन, ये सभी उपाय इस उद्योग को नियंत्रित करने के लिए जरूरी थे। खासकर यह प्रावधान कि गेम खेलने वाले यूजर्स को सजा नहीं होगी, बल्कि प्लेटफॉर्म चलाने और प्रचार करने वालों पर कार्रवाई होगी, एक संतुलित दृष्टिकोण को दर्शाता है। हालांकि, इस कानून के कुछ पहलुओं पर बहस भी जरूरी है। स्किल बेस्ड और चांस बेस्ड गेम्स दोनों पर एक समान प्रतिबंध लगाना कई विशेषज्ञों को कठोर लगता है। तर्क यह है कि कुछ गेम्स वास्तव में कौशल पर आधारित होते हैं और उन्हें पूरी तरह प्रतिबंधित करना डिजिटल नवाचार और गेमिंग इंडस्ट्री के विकास को प्रभावित कर सकता है। लेकिन सरकार का पक्ष साफ है कि जहां पैसे का दांव लगेगा, वहां शोषण और धोखाधड़ी की संभावना बनी रहेगी। यह भी उल्लेखनीय है कि ई-स्पोर्ट्स और बिना पैसे वाले सोशल गेम्स को बढ़ावा देने की बात इस कानून में शामिल है। इससे यह संकेत मिलता है कि सरकार गेमिंग के खिलाफ नहीं, बल्कि अवैध और शोषणकारी मॉडल के खिलाफ है। यह संतुलन बनाना आसान नहीं है, लेकिन जरूरी है। इसके अलावा, डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना, स्कूल-कॉलेज स्तर पर वित्तीय शिक्षा देना और विज्ञापनों पर कड़ी निगरानी रखना भी जरूरी कदम हैं। सेलिब्रिटी एंडोर्समेंट पर सख्ती से नियम लागू किए जाने चाहिए, ताकि वे बिना जिम्मेदारी के ऐसे प्लेटफॉर्म्स का प्रचार न कर सकें। ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ यह कार्रवाई समय की मांग है। यह सिर्फ कानून का मुद्दा नहीं, बल्कि समाज के भविष्य का सवाल है। सरकार ने पहल कर दी है, अब जिम्मेदारी समाज और नागरिकों की भी है कि वे इस डिजिटल जाल को पहचानें और उससे दूर रहें। तभी यह लड़ाई सच में जीती जा सकेगी।



शासन प्रणाली
नरेंद्र सिंह तोमर

# नियमों के प्रतीक हैं लोकसभा अध्यक्ष

लोकतंत्र शासन में जनता का बहुमत पाकर सत्ता पक्ष शासन के सूत्र संभालता है और विपक्ष निगरानीकर्ता की भूमिका में सरकार से सवाल करता है। भारतीय गणतंत्र की बीते 76 वर्ष की अवधि में संसद कई तरह की घटनाओं की साक्षी रही है। हमारी आस्था के केंद्र वरिष्ठ नेताओं की तीखी बहसें, आरोप-प्रत्यारोप, विरोध और असहमतियों के लंबे विमर्श लोकसभा और राज्यसभा के गौरवशाली अतीत में दर्ज हैं। कुछ अप्रिय घटनाक्रम भी हुए, लेकिन नियमों और मान्य परंपराओं की मर्यादाओं को कभी जानबूझ कर ओझल नहीं होने दिया गया। विपक्ष के अमर्यादित व्यवहार के समक्ष लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का कार्यकाल प्रेरणा, उम्मीद और आश्वस्ति का पर्याय बन गया है।

यह गौरव का विषय है कि हम अपनी आजादी व अपने गणतांत्रिक देश होने के 75 वर्ष पूरे कर चुके हैं। भारतीय गणतंत्र की यह यात्रा पूरे विश्व में लोकतंत्र के प्रति आस्था एवं विश्वास बढ़ाने वाली अद्भुत प्रक्रिया मानी गई है। यही कारण कि जब भी लोकतंत्र को अपनाने की बारी आती है या लोकतांत्रिक शासन प्रणाली पर भरोसा जताने की बारी आती है तब-तब पूरी दुनिया भारत की तरफ देखती है। लोकतंत्र शासन की कितनी सुंदर प्रणाली है कि इसमें जनता का बहुमत पाकर सत्ता पक्ष शासन के सूत्र संभालता है और विपक्ष निगरानीकर्ता की भूमिका में सरकार से सवाल करता है। भारतीय गणतंत्र की बीते 76 वर्ष की अवधि में संसद कई तरह की घटनाओं की साक्षी रही है। हमारी आस्था के केंद्र वरिष्ठ नेताओं की तीखी बहसें, आरोप-प्रत्यारोप, विरोध और असहमतियों के लंबे विमर्श लोकसभा और राज्यसभा के गौरवशाली अतीत में दर्ज हैं। कुछ अप्रिय घटनाक्रम भी हुए, लेकिन नियमों और मान्य परंपराओं की मर्यादाओं को कभी जानबूझ कर ओझल नहीं होने दिया गया।

सत्ता-पक्ष और विपक्ष ने एक-दूसरे की सहमति और असहमति का सदैव सम्मान और आदर किया है। फिर अब ऐसा क्या हुआ कि विपक्ष आक्रामकता के चरम पर पहुंच कर मर्यादाओं का ध्यान नहीं रख रहा है? यह प्रश्न सामयिक है और इस पर चिंतन होना चाहिए। यह निर्विवाद तथ्य है कि संसद के सत्र विपक्ष को सवाल पूछने और सरकार को आरोपित करने के अवसर देते हैं। इन सत्रों के दौरान शासकीय कार्य ही नहीं निपटाए जाते, बल्कि जनता की आवाज को भी सुना जाता है। उनकी अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयत्नों का लेखा-जोखा रखा जाता है। विपक्ष के तीखे आरोपों का तथ्यपूर्ण उत्तर दिया जाता है। साफ है, संसद का मूल कार्य संवाद, प्रश्न-उत्तर और विचार-विमर्श पर केंद्रित है। यहां हर विचार को अभिव्यक्ति का अवसर मिलना चाहिए और मिलता है, फिर चाहे किसी पार्टी का एक ही सांसद क्यों न हो या कोई निर्दलीय जनप्रतिनिधि ही क्यों न हो। विपक्ष के आरोप हैं कि लोकसभा में उन्हें बोलने का अवसर नहीं दिया जाता।

इस आरोप के जवाब में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा प्रस्तुत किए गए तथ्यों को अवश्य देखा जाना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बताया है कि 17वीं लोकसभा में कांग्रेस को भाजपा के मुकाबले 6 गुना अधिक समय मिला। 18वीं लोकसभा में कांग्रेस की ओर से 71 घंटे बोला गया, जबकि उनके 99 सदस्य हैं। भाजपा को 122 घंटे मिले हैं, जबकि भाजपा के 239 सदस्य हैं। जो संसदीय परंपरा का ज्ञान रखते हैं, वे जानते हैं कि सदन की कार्यवाहियां एक व्यक्ति तय नहीं करता। यह कार्य विमर्श और तय समिति की चर्चाओं के उपरांत होता है। दल के नेता स्वयं तय करते हैं कि उनकी ओर से कौन बोलेगा। यह कार्य आसंदी नहीं करती।

आसंदी तो तय समय अनुशासन और प्रक्रियाओं का पालन सुनिश्चित करती है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला अपने अध्यक्षीय कार्यकाल में निरंतर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सशक्त बनाने का प्रयत्न कर



रहे हैं। वे ऐसा वातावरण बना रहे हैं कि अधिक से अधिक सांसदों को सदन में बोलने का अवसर मिले। अपने कार्यकाल में नियमों और प्रक्रियाओं को समृद्ध करने की लोकसभा अध्यक्षों की परंपरा को अग्रसर करते हुए ओम बिरला द्वारा नव निर्वाचित और अपेक्षाकृत कम चर्चित सांसदों को अपनी बात रखने के लिए प्राथमिकता दी गई। नव निर्वाचित सांसदों के लिए प्रबोधन कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें संसदीय प्रक्रिया, नियमों और संसदीय परंपराओं से परिचित करवाना लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करने का ही तो यत्न था। लोकसभा के संसदीय शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान 'प्राइड' के माध्यम से विभिन्न विधानसभाओं तथा संसद के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

समिति प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पीठासीन अधिकारियों की एक समिति का गठन भी किया गया, जिसका उद्देश्य संसद तथा राज्य विधानसभाओं की समिति व्यवस्था की समीक्षा करना है। संसदीय प्रक्रियाओं में एकरूपता लाने के उद्देश्य से देश की विभिन्न विधानसभाओं के कार्य संचालन नियमों की समीक्षा के लिए भी एक समिति का गठन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना को सौंपी गई है।

इसे भारतीय संसदीय संघीय ढांचे में समन्वय को सशक्त बनाने का स्तुत्य प्रयत्न कहा जाना चाहिए। ओम बिरला के नेतृत्व में लोकसभा को 'पेपरलेस' बनाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य हुआ है। डिजिटल संसद प्लेटफॉर्म की स्थापना, सांसदों के लिए डिजिटल अटेंडेंस प्रणाली और ऑनलाइन ऑनबोर्डिंग जैसी व्यवस्थाएं इसी परिवर्तन का हिस्सा हैं। मंत्रियों द्वारा सदन में दिए गए आश्वासनों की निगरानी के लिए 'ऑनलाइन एश्योरेंस मॉनिटरिंग सिस्टम' को भी सशक्त किया गया, जिससे पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि हुई है। संसदीय कार्यवाही में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। इस तकनीक के माध्यम से संसद की 18,000 से अधिक घंटों की ऐतिहासिक कार्यवाही का डिजिटलीकरण किया गया, जो संसदीय विरासत के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में होने वाले नवाचारों की सूची विस्तृत है। गौरतलब है कि अपने पद से हटाए जाने की मांग वाले प्रस्ताव पर बहस के एक दिन बाद सदन को संबोधित करते हुए, बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी सदस्य को संसदीय नियमों के दायरे से बाहर बोलने का विशेषाधिकार नहीं है। अध्यक्ष ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 105 के प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि संसद में बोलने की स्वतंत्रता की गारंटी है, लेकिन यह संविधान और सदन की प्रक्रिया को विनियमित करने वाले नियमों और स्थायी आदेशों के अधीन है। इसके बाद भी यदि संसद में उनके विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया जाता है, तो यह सिर्फ एक प्रक्रिया भर नहीं है, बल्कि संसदीय परंपराओं पर ही प्रश्नचिह्न है। विपक्ष का यह व्यवहार लोकतांत्रिक संसदीय मर्यादाओं के अनुकूल नहीं है। विपक्ष के अमर्यादित व्यवहार के समक्ष लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का कार्यकाल प्रेरणा, उम्मीद और आश्वस्ति का पर्याय बन गया है। उन्हें इस अनुकरणीय कार्य के लिए बधाई और शुभेच्छाएं।

( लेखक मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

उत्पादन
डॉ. जयंतीलाल भंडारी



# युद्ध के दौर में खाद्यान्न भंडार की शक्ति

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9.3 करोड़ से अधिक किसानों को 18640 करोड़ रुपये से अधिक राशि की पीएम-किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी करते हुए कहा कि किसान और कृषि परिवेश भारत की शक्ति बन गए हैं। यह उल्लेखनीय है कि इस समय पश्चिम एशिया में युद्ध के बीच जहां भारत के रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और रिकॉर्ड खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद देश के आम आदमी के लिए राहत और अर्थव्यवस्था की ताकत बन गए हैं, वहीं 1 अप्रैल से लागू होने वाले वर्ष 2026-27 के आम बजट के तहत देश की कृषि को उन्नत और निर्यात उन्मुख बनाने की प्रभावी पहल की गई है। गौरतलब है कि दुनिया के तेजी से खुलते हुए कृषि बाजारों और खाद्यान्न की बढ़ती वैश्विक मांग के मद्देनजर भारत के द्वारा कृषि को निर्यात उन्मुख बनाए जाने से किसानों की आर्थिक सशक्तता के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था का नया अध्याय लिखा जा सकेगा। 21वीं सदी के इस दौर में कृषि क्षेत्र को नई ऊर्जा के साथ आगे ले जाना सरकार की प्राथमिकता है। बजट 2026-27 में कृषि क्षेत्र के लिए 1,62,671 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7 प्रतिशत अधिक है। सरकार तकनीक और कृषि हितप्रद नीति के माध्यम से किसानों को केवल 'अन्नदाता' ही नहीं, बल्कि 'निर्यातकर्ता' बनाने की दिशा में काम कर रही है। खाद्य तेल और दलहन पर राष्ट्रीय मिशन और प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन सहित सभी कृषि क्षेत्रों को मजबूत किया जा रहा हैं। ऐसे में उच्च मूल्य वाले कृषि क्षेत्र को बड़े पैमाने पर बढ़ाने से ही हम अपनी खेती को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी क्षेत्र में बदल सकते हैं और दुनिया में भारत से बड़े पैमाने पर कृषि निर्यात बढ़ा सकते हैं। इस समय भारत दुनिया का सातवां सबसे बड़ा कृषि उत्पादों का निर्यातक देश है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि जहां देश का रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन देश के आम आदमी के लिए भोजन की गारंटी है, वहीं दुनिया के कई जरूरतमंद देशों के करोड़ों लोगों के लिए खाद्यान्न आपूर्ति का आधार भी है। पिछले वर्ष 2024-25 में भारत में 35.70 करोड़ टन खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है और इस वर्ष 2025-26 में इससे भी अधिक खाद्यान्न उत्पादन की संभावना है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास केंद्रीय पूल में अप्रैल 2026 तक लगभग 182 लाख टन गेहूं उपलब्ध हो जाने का अनुमान है। इस समय देश के 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा रहा है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि 2008 की वैश्विक मंदी में भी भारत की अर्थव्यवस्था खाद्यान्न ताकत के कारण बहुत कम प्रभावित हुई। छह साल पहले कोरोना से जंग में देश के खाद्यान्न भंडार देश के लिए हथियार बन गए थे और भारत ने जरूरतमंद देशों को खाद्यान्न का निर्यात भी किया। अब एक बार फिर इस समय जब ईरान और इजराइल-अमेरिका युद्ध से दुनिया में खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ रही हैं और खाद्यान्न आपूर्ति में व्यवधान है, तब भारत का रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन और रिकॉर्ड खाद्य प्रसंस्करण उत्पाद एक मजबूत हथियार दिखाई दे रहे हैं और भारत नए खाद्यान्न निर्यात आदेशों की पूर्ति के लिए तत्पर दिखाई दे रहा है। पिछले माह फरवरी 2026 में भारत ने 25 लाख टन गेहूं का निर्यात भी सुनिश्चित भी किया है। निःसंदेह कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार और देश के दीर्घकालिक विकास का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। खासतौर से विगत कुछ वर्षों में कृषि क्षेत्र व छोटे किसानों की मजबूती के लिए कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं। 'पीएम किसान सम्मान निधि' और एमएसपी जैसे कई कार्यक्रमों से देश का कृषि क्षेत्र लगातार मजबूत हुआ है। गांवों में अप्रैल 2020 से शुरू की गई पीएम स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को उनकी जमीन का कानूनी हक देकर उनके आर्थिक सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखा जा रहा है। गांवों में बैंक शाखाओं की संख्या मार्च 2010 के 33,378 से बढ़कर दिसंबर 2024 तक 56,579 हो गई। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) कृषि इंफ्राक्ट्रक्चर फंड, सहकारी समितियों और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूह, ग्रामीण बैंकिंग व्यवस्था आदि प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय भारत दुनिया की नई खाद्य टोकरी और वैश्विक खाद्य सुरक्षा के प्रतिबद्ध देश के रूप में रेखांकित हो रहा है। इस समय भारत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में नवाचार, स्थिरता और सुरक्षा के वैश्विक मानक स्थापित कर रहा है। उम्मीद करें कि भारत रिकॉर्ड खाद्यान्न भंडार से आम आदमी की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए दुनिया में खाद्यान्न निर्यात व वैश्विक खाद्य सुरक्षा में अहम योगदान देने वाले सबसे प्रमुख देश के रूप में भी रेखांकित होते हुए दिखाई देगा।

( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन ऊर्जा पर करें मन को केंद्रित



संकलित
दर्शन

बुद्धिमान व्यक्ति इस ब्रह्मांड, इस संसार से परे चले जाते हैं और अमरत्व को प्राप्त कर लेते हैं। लेकिन कैसे? वस्तुतः हमारे भीतर कुछ ऐसा होता है, जो कभी नहीं मरता, जो कभी बूढ़ा नहीं होता। इस बारे में प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से सोचता है। अगर आप देखें तो छोटे बच्चे बड़े हो रहे हैं और स्थितियां भी बदल रही हैं, लेकिन कई बार आप महसूस करते हैं कि आप नहीं बदल रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं- मैं तो बूढ़ा हुआ ही नहीं/हुई ही नहीं। भीतर से आपको महसूस होता है कि सिर्फ समय बीता है, आपमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह सच भी है, क्योंकि आपके भीतर एक ऐसा अंश है, जो न तो बदलता है और न ही मरता है। यही एक दूसरी दुनिया है, जहां अमरत्व है। मृत्युलोक वह है, जहां सब कुछ बदल जाता है। मृत्यु का अर्थ है परिवर्तन या क्षय। आप इस नाशवान संसार से अमरत्व, अपरिवर्तनशील संसार, शाश्वत-आत्मा की ओर मुड़ जाते हैं, जो आपके भीतर है। आपके मन के पीछे है। आत्मा वह नहीं है, जिसे आप देख सकें, बल्कि वह है, जिसे आप अपने भीतर महसूस करते हैं। यह प्राणों का प्राण है। जब प्राण उच्च स्तर में होता है, तब आप हर परिस्थिति में मुस्कुरा सकते हैं। आप अपनी दैनिक गतिविधियों में प्राण ऊर्जा को खर्च करते हैं। यदि आप प्राण की कमी को पूरा किए बिना प्राण को खर्च करते रहते हैं, तब आपको अवसाद घेर लेता है। जीवन विरोधी चिह्न शरीर में उत्पन्न होने लगते हैं और सौंदर्य नष्ट होने लगता है। अपने प्राण, अपने श्वास का निरीक्षण करें। यह दायीं नासिका में चल रहा है या बायीं नासिका में?

## लक्ष्मी जी कहां निवास करतीं हैं



संकलित
प्रेरणा

एक बार की बात है, राजा बलि समय बिताने के लिए एकान्त स्थान पर गधे के रूप में छिपे हुए थे। देवराज इन्द्र उनसे मिलने के लिए उन्हें ढूँढ रहे थे। एक दिन इन्द्र ने उन्हें खोज निकाला और उनके छिपने का कारण जानकर उन्हें काल का महत्व बताया। साथ ही उन्हें तत्वज्ञान का बोध कराया। तभी राजा बलि के शरीर से एक दिव्य रूपात्मा स्त्री निकली। उसे देखकर इन्द्र ने पूछाः दैत्यराज! यह स्त्री कौन है? देवी, मानुषी अथवा आसुरी शक्ति में से कौन-सी शक्ति है? राजा बलि बोलेः देवराज! ये देवी तीनों शक्तियों में से कोई नहीं हैं। आप स्वयं पूछ लें। इन्द्र के पूछने पर वे शक्ति बोलींः देवेन्द्र! मुझे न तो दैत्यराज बलि जानते हैं और न ही तुम या कोई अन्य देवगण। पृथ्वी लोक पर लोग मुझे अनेक नामों से पुकारते हैं। जैसे- श्री, लक्ष्मी आदि। इन्द्र बोलेः देवी! आप इतने समय से राजा बलि के पास हैं लेकिन ऐसा क्या कारण है कि आप इन्हें छोड़कर मेरी ओर आ रही हैं? लक्ष्मी जी बोलींः देवेन्द्र! मुझे मेरे स्थान से कोई भी हटा या डिगा नहीं सकता है। मैं सभी के पास काल के अनुसार आती-जाती रहती हूँ। जैसा काल का प्रभाव होता है मैं उतने ही समय तक उसके पास रहती हूँ। अर्थात मैं समयानुसार एक को छोड़कर दूसरे के पास निवास करती हूँ। इन्द्र बोलेः देवी! आप असुरों के यहाँ निवास क्यों नहीं करतीं? लक्ष्मी जी बोलींः देवेन्द्र! मेरा निवास वहीं होता है जहाँ सत्य हो, धर्म के अनुसार कार्य होते हों, व्रत और दान देने के कार्य होते हों। लेकिन असुर भ्रष्ट हो रहे हैं। ये पहले इन्द्रियों को वश में कर सकते थे, सत्यवादी थे, ब्राह्मणों की रक्षा करते थे, पर अब इनके ये गुण नष्ट होते जा रहे हैं।

अंतर्मन




आज की पाती

### विलुप्त होते पक्षियों का संरक्षण जरूरी

प्रतिवर्ष विश्व गौरैया दिवस मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य गौरैया तथा अन्य छोटे पक्षियों के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, उनकी निरंतर घटती संख्या के कारणों को समझाना, जैव-विविधता (बायो-डायवर्सिटी) के महत्व को रेखांकित करना तथा लोगों को पेड़-पौधे लगाने, कृत्रिम घोंसले बनाने और पक्षियों के लिए दाना-पानी उपलब्ध कराने जैसे व्यावहारिक कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2010 में भारत की संस्था नेचर फोरएवर सोसायटी द्वारा की गई थी, जिसके संस्थापक पर्यावरणविद् मोहम्मद दिलावर हैं। इसका मूल उद्देश्य गौरैया संरक्षण के लिए एक वैश्विक मंच तैयार करना है, जिससे इस छोटे किंतु अत्यंत महत्वपूर्ण पक्षी के प्रति लोगों में संवेदनशीलता विकसित हो सके।

**- गीतु परि, सोनीपत**

ट्रेंड

### भारत-थाईलैंड की साझेदारी



अनुतिन चर्नविराकुल को थाईलैंड के प्रधानमंत्री चुने जाने पर हार्दिक बधाई। मैं उनके साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। हम मिलकर भारत-थाईलैंड की बहुआयामी रणनीतिक साझेदारी को और भी मजबूत करेंगे।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**


### सनातन का अपमान निंदनीय



सनातन का अपमान, देवी-देवताओं और पूजा-पद्धतियों का उपहास करना अत्यंत निंदनीय है। इंडी गठबंधन के नेताओं द्वारा लगातार यह धारणा बनाई जा रही है कि हिंदू समाज सहनशील है, इसलिए उसकी भावनाओं को आहत करना आसान है।

**-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री**

### भाजपा की मानसिकता



अब भाजपा सरकार कहेगी कि ये भी अफवाह है कि अस्पताल में मरीजों का खाना बनने तक के लिए सिलेंडर नहीं मिल रहा है। दरअसल, भाजपा की मानसिकता ही बीमार है, उससे अस्पताल के मरीजों का ख्याल रखने की उम्मीद करना बेकार है।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### जन-जागरूकता अभियान



पिछली भाजपा सरकार ने नशे के खिलाफ कोई ठोस पहल नहीं की। चिट्टे के खिलाफ सबसे बड़े कानून पिट-एनडीपीएस एक्ट को लागू करने का नोटिफिकेशन हमने जारी किया। हम युवाओं को जागरूक बनाने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान भी चला रहे हैं।

**-सुखविंदर सिंह सुक्खू, सीएम, हप्र**

करंट अफेयर

## किम व उनकी बेटी ने सैन्य प्रशिक्षण की निगरानी की



उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन और उनकी बेटी एक बार फिर सार्वजनिक रूप से साथ नजर आए और दोनों ने टैंक में सवार होकर सैन्य प्रशिक्षण की निगरानी की। सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को कार्यक्रम की तस्वीरें प्रसारित कर यह जानकारी दी। इससे पहले किम और उनकी बेटी ने एक साथ रॉकेट प्रक्षेपण देखा था और पिस्तौल चलाई थीं। सरकारी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने बताया कि किम ने बृहस्पतिवार को टैंक और पैदल सेना के जवानों से जुड़े गोलीबारी एवं अन्य सैन्य अभ्यासों की निगरानी की। केसीएनए द्वारा प्रसारित तस्वीरों में किम और उनकी बेटी बृहस्पतिवार को प्रशिक्षण के दौरान चमड़े की काली जैकेट पहने अन्य सैनिकों के साथ जैतूनी-हरे रंग के एक टैंक पर सवार दिखे। तस्वीरों में किम की बेटी टैंक के 'हैच' से अपना सिर बाहर निकाले नजर आ रही हैं जबकि किम टैंक के ऊपर बैठे मुस्कुराते दिख रहे हैं। ऐसा बताया जाता है कि किम जोंग उन की बेटी किम जू ऐ की आयु लगभग 13 साल है और वह 2022 के अंत से ही सैन्य परेड और हथियार प्रक्षेपण सहित कई प्रमुख कार्यक्रमों में अपने पिता के साथ नजर आती रही हैं। ऐसी अटकलें हैं कि किम जोंग उन अपनी बेटी को अपना उत्तराधिकारी नामित करने वाले हैं।

ऑफ बीट

## नाक से सांस लेने पर आपकी दौड़ हो सकती है आसान



श्वास अवचेतन है। हमें इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है – यह बस हो जाता है। कम और मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम (जैसे पैदल चलना और साइकिल चलाना) के दौरान, हममें से अधिकांश लोग अपनी नाक से सांस लेते हैं और अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं। लेकिन व्यायाम जितना अधिक तीव्र होता जाता है, उतना ही हम पूरी तरह मुंह से सांस लेने लगते हैं। हममें से अधिकांश लोग यह मानेंगे कि गहन व्यायाम के दौरान मुंह से सांस लेना सबसे अच्छी तकनीक है, क्योंकि यह हमारी मांसपेशियों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचने में मदद देता है। लेकिन सबूत इसके विपरीत दिखाते हैं – और यह कि आपकी नाक से सांस लेना वास्तव में गहन व्यायाम (जैसे दौड़ना) के दौरान उपयोग करने के लिए एक बेहतर तकनीक हो सकती है। व्यायाम करते समय, मुंह से सांस लेने की तुलना में नाक से सांस लेने पर कम ऑक्सीजन का उपयोग होता है। हालांकि यह कोई फ़ायदा नहीं लग सकता है, लेकिन मूल रूप से इसका मतलब यह है कि शरीर कम ऑक्सीजन का उपयोग करते हुए भी उतनी ही मात्रा में व्यायाम कर सकता है। और गति को अधिक समय तक बनाए रखना ही सफलता का मूलमंत्र है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## ▶▶। चौथी यूथ पुरुष व महिला हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग प्रतियोगिता

▶▶। दीपांशु, आदित्य, साहिल और सिकंदर ने फाइनल में प्रवेश किया

# खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का माध्यमः एसीपी अखिल कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक









महम बॉक्सिंग क्लब में आयोजित चौथी यूथ पुरुष व महिला हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग प्रतियोगिता के तीसरे दिन रिंग में जबरदस्त रोमांच देखने को मिला। शुक्रवार को हुए सेमीफाइनल मुकाबलों में प्रदेश भर के युवा मुक्केबाजों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन दिखाया। शनिवार को फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। ओलंपियन व अर्जुन अवार्डी एसीपी अखिल कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि चरित्र निर्माण का माध्यम हैं। खेलों से जीवन में संघर्ष करने की शक्ति मिलती है और युवा नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से भी दूर रहते हैं।

### खेल भावना के साथ राष्ट्र का नाम रोशन करने के लक्ष्य रखें खिलाड़ी : मेजर सत्यपाल सिंधु



हरियाणा बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने कहा कि हरियाणा बॉक्सिंग संघ की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर से आए युवा खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में झज्जर, भिवानी, रोहतक, सोनीपत, हिसार, सिरसा, अंबाला, पानीपत सहित विभिन्न जिलों से खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। युवा खिलाड़ी प्रदेश का गौरव हैं। खिलाड़ियों को केवल पदक जीतने के लिए नहीं, बल्कि खेल भावना के साथ राष्ट्र का नाम रोशन करने के उद्देश्य से खेलना चाहिए। संघ खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग व बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएगा।

### महिला वर्ग के मुकाबले

▶▶। 45-48 किलोग्राम भार वर्ग में हिसार की जिया ने कैथल की निष्ठा तंवर को हराया और साई हिसार की गुंजन ने जींद की सिमरन को मात दी।

▶▶। 48-51 किलोग्राम वर्ग में गुरुग्राम की कशिश मलिक ने पंचकुला की ज्योति को हराया, जबकि सोनीपत की रिधिमा ने रोहतक की सिमरन को पराजित किया।

▶▶। 51-54 किलोग्राम वर्ग में कैथल की जन्नत ने जींद की ज्योति को हराया और कुरुक्षेत्र की महक ने हिसार की हिमानी पनवार को मात दी।

▶▶। 54-57 किलोग्राम वर्ग में झज्जर की तनिषा जांगड़ा ने कैथल की पायल को हराया, वहीं गुरुग्राम की कंचन ने भिवानी की चेष्टा को पराजित किया।

▶▶। 57-60 किलोग्राम वर्ग में सिरसा की सायरा ने गुरुग्राम की कंचन को हराया और फरीदाबाद की चाहत ने रोहतक की श्रुति को मात दी।

▶▶। 60-65 किलोग्राम वर्ग में गुरुग्राम की वंशिका ने करनाल की निकिता को हराया और रेवाड़ी की इवा यादव ने यमुनानगर की यशिका को पराजित किया।

▶▶। 65-70 किलोग्रामवर्ग में सोनीपत की अंशिका ने झज्जर की तेजस्वी को हराया और रेवाड़ी की पलचिन ने फरीदाबाद की मंशा को मात दी।

▶▶। 70-75 किलोग्राम वर्ग में साई हिसार की सानिया ने भिवानी की रुचि को हराया, जबकि इसी वर्ग में चरखी दादरी की अंशिका ने गुरुग्राम की कोमल को पराजित किया।

▶▶। 75-80 किलोग्राम भार वर्ग में साई हिसार की मेघा ने हिसार की मुस्कान को हराया और झज्जर की शगुन ने भिवानी की भावना को मात दी।

▶▶। 80 से ज्यादा किलोग्राम वर्ग के पहले मुकाबले में कैथल की अंतिम ने जींद की सकीना को हराया।

### पुरुष वर्ग के मुकाबले

▶▶। 47-50 किलोग्राम भार वर्ग में चरखी दादरी के दीपांशु ने साई हिसार के विनीत कुमार को हराया।

▶▶। 50-55 किलोग्राम वर्ग में रोहतक बी के आदित्य ने रेवाड़ी के जतिन को मात दी।

▶▶। 55-60 किलोग्राम वर्ग के साई बी के सिकंदर ने सोनीपत के करन मलिक को हराया, जबकि साई हिसार के साहिल मोर ने गुरुग्राम के मोहित को पराजित किया।

▶▶। 60-65 किलोग्राम भार वर्ग में कैथल के योगेश ढांडा ने भिवानी के अभि को हराया और सोनीपत के ध्रुव ने रोहतक के गौरव पर जीत दर्ज की।

▶▶। 65-70 किलोग्राम वर्ग में झज्जर के दीक्षित ने कुरुक्षेत्र के प्रीतम को हराया, वहीं साई हिसार के वैभव ने जींद के जहान को मात दी।

▶▶। 70-75 किलोग्राम वर्ग में भिवानी के भव्य ने गुरुग्राम के कुणाल को हराया और रोहतक के हनी ने चरखी दादरी के सूरज को पराजित किया।

▶▶। 75-80 किलोग्राम वर्ग में मेवात के लोकेश ने सिरसा के परमीत देशवाल को हराया।

# आईपीएल बना वनडे वर्ल्ड कप का ट्रायल 20 खिलाड़ियों पर नजर रखेंगे सेलेक्टर्स

**अक्टूबर-नवंबर 2027 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में होगा वनडे विश्व कप**

एजेंसी ▶▶। नई दिल्ली




वनडे विश्व कप में अभी एक साल का समय है लेकिन भारत के 20 संभावित खिलाड़ियों का अनुमान लगाया जा चुका है और पांचों राष्ट्रीय चयनकर्ता 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल में इन खिलाड़ियों पर नजर रखेंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने यह जानकारी दी। अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली चयन समिति में एसएस दास, आरपी सिंह, अजय रात्रा और प्रज्ञान ओझा हैं। वनडे विश्व कप दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में 2027 अक्टूबर-नवंबर में होगा। चयन समिति के सदस्य अपने अपने बेस में मैचों के दौरान मौजूद रहेंगे जबकि बाकी मैच टीवी पर देखेंगे। आईपीएल के पहले मैच में गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से होगा।

### घर या मैदान में हर चयनकर्ता देखेंगे एक मैच

अगरकर मुंबई में रहते हैं जबकि दास कोलकाता के रहने वाले हैं। आरपी और रात्रा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहते हैं जबकि ओझा अपने हिस्से के आईपीएल मैच बेंगलुरु और हैदराबाद में देखेंगे। अधिकारी ने कहा,' बीसीसीआई चाहता है कि हर चयनकर्ता कम से कम हर सप्ताह एक मैच देखे, जिससे पांच मैच प्रति सप्ताह हो जाएंगे। इसके अलावा टीवी पर मैच देख सकते हैं।' टी20 विश्व कप 2028 और उसी साल ओलंपिक को देखते हुए इस साल आईपीएल में उन 20 खिलाड़ियों को तलाशने पर नजर होगी, जो 50 ओवरों का विश्व कप खेलेंगे। चयन समिति मुल्लांपुर में छह से 10 जून तक अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए भी सर्वश्रेष्ठ टीम उतारेगी हालांकि इस मैच से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक नहीं मिलने हैं।

### अगरकर के कार्यकाल को लेकर विराम

सीनियर अधिकारियों ने इन अटकलों को भी खारिज किया कि टी20 विश्व कप जीतने के बाद अगरकर ने अपना कार्यकाल 50 ओवरों के विश्व कप तक बढ़ाने की मांग की है। बीसीसीआई के एक सीनियर अधिकारी ने कहा,' चयन समिति बीसीसीआई की एक उप समिति है और चयनकर्ताओं का अनुबंध इस साल सितंबर तक है। अजित का करार सितंबर में खत्म हो रहा है, जिसके बाद बीसीसीआई सचिव और अजित तय करेंगे कि वह अगले साल वनडे विश्व कप तक रहेंगे या नहीं। एक सीनियर चयनकर्ता चार साल तक पद पर रह सकता है और उसे करार बढ़ाने का अनुरोध करने की जरूरत नहीं है।' अगरकर जुलाई 2023 में चयन समिति के अध्यक्ष बने थे और उन्होंने विराट कोहली तथा रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के संन्यास के बाद टेस्ट और टी20 में बदलाव का दौर देखा है।

# महिला प्रो गोल्फ टूर : रिधिमा ने जीता सत्र का तीसरा खिताब



एजेंसी ▶▶। नोएडा

रिधिमा दिलावरी ने खराब शुरुआत के बाद शानदार वापसी करते हुए लगातार तीसरी बार 71 का स्कोर बनाया और महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के छठे चरण का खिताब अपने नाम किया।

रिधिमा ने अंतिम दौर की शुरुआत जैस्मीन शेखर से तीन शॉट पीछे रहकर की थीं। पहले दो होल के बाद वह पांच शॉट पीछे हो गईं। इसके बाद रिधिमा ने शानदार वापसी करते हुए बाकी के 16 होल में दो बर्डी लगाईं और कोई बोगी नहीं की। दूसरी तरफ जैस्मीन ने चार ओवर 75 का स्कोर बनाया। रिधिमा ने दूसरा और चौथा चरण भी जीता था। अब छठा चरण जीतकर उन्होंने हीरो ऑर्डर ऑफ मेरिट में अपनी बढ़त बनाए रखी है। वर्तमान सीरीज का पहला चरण जीतने वाली जैस्मीन लगातार दूसरी बार दूसरे स्थान पर रहीं।

### हिताशी आठवें तो दीक्षा 16वें स्थान पर




**गोल्ड कोस्ट।** हिताशी बख्शी ने आस्ट्रेलियाई डब्ल्यूपीजीए गोल्फ चैंपियनशिप के दूसरे दिन तीन अंडर 68 के स्कोर के साथ संयुक्त आठवां स्थान हासिल कर लिया। दीक्षा डागर एक ओवर 72 के स्कोर के साथ संयुक्त 16वें स्थान पर है। प्रणवी उर्स भी संयुक्त 60वें स्थान पर है जबकि वाणी कपूर एक शॉट से कट में प्रवेश से चूक गई। वहीं मेनलो पार्क में अदिति अशोक ने फोर्टिनेट फाउंडर्स कप गोल्फ में अपने अभियान की धीमी शुरुआत की और इवन पार 72 के स्कोर के साथ वह संयुक्त 72वें स्थान पर है।

# न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को आठ विकेट से हराया

## टी-20 सीरीज में बनाई 2-1 से बढ़त

एजेंसी ▶▶। ऑकलैंड




टॉम लैथम की 63 रन की नाबाद पारी और डेवोन कॉनवे के साथ उनकी पहले विकेट के लिए 96 रन की साझेदारी की मदद से न्यूजीलैंड ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका पर 8 विकेट से आसान जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज फिर से अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए और उसकी टीम 9 विकेट पर 136 रन ही बना सकी। न्यूजीलैंड ने 16.2 ओवर में दो विकेट पर 137 रन बनाकर 22 गेंद शेष रहते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया और इस तरह से पांच मैच की श्रृंखला में 2-1 से बढ़त हासिल कर ली।

### लैथम ने बनाया चौथा टी-20 अर्धशतक

कॉनवे ने 39 रन बनाए जबकि लैथम ने अपना चौथा टी20 अर्धशतक बनाया। टिम रॉबिंसन ने 17 रन का योगदान दिया। इस श्रृंखला में अभी तक बल्लेबाजों के लिए परिस्थितियां अनुकूल नहीं रही हैं। दक्षिण अफ्रीका को पहले मैच में केवल 91 रन का लक्ष्य मिला था, जो उसने तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया था। दक्षिण अफ्रीका की टीम दूसरे मैच में 107 रन पर आउट हो गई और न्यूजीलैंड ने 68 रन से जीत हासिल की। दक्षिण अफ्रीका ने इस श्रृंखला में शुक्रवार को पहली बार 20 ओवर तक बल्लेबाजी की। उसकी तरफ से नकोबानी मोकोएना ने 20 गेंद पर सर्वाधिक नाबाद 26 रन बनाए। लैथम और कॉनवे ने धीमी शुरुआत करते हुए पहले दो ओवरों में पांच रन और पहले तीन ओवरों में 12 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने चौथे ओवर में मोकोएना पर 14 रन और लुथो सिपामला के किए पांचवें ओवर में 21 रन बनाकर न्यूजीलैंड को आसान जीत की राह पर अग्रसर किया। कॉनवे ने 11वें ओवर में केशव महाराज की गेंद पर सीमा रेखा पर कैच दिया। जब स्कोर बराबर था तब रॉबिंसन भी आउट हो गए।






# इजराइली हमले में ईरान के आईआरजीसी प्रवक्ता मोहम्मद नैनी की मौत


ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी

- **ईरान की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान**
- **हमले में आधुनिक हथियारों का उपयोग किया गया**

**तेहरान/ तेल अवीव (एजेंसी)।** अमेरिका-इजराइल अपनी युद्ध नीति के तहत करीब हर दिन ईरान के कमांडरों को निशाना बना रहे हैं। हालिया हमले में ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के मुख्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी मारे गए हैं। दावा किया जा रहा है कि यह हमला अमेरिका और इजराइल की ओर से संयुक्त रूप से किया गया था। इस बात की पुष्टि ईरान के सरकारी मीडिया ने की है। नैनी को निशाना बनाकर किए गए हमले में अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया गया। नैनी केवल इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के प्रवक्ता ही नहीं थे, बल्कि वे ईरान के मनोवैज्ञानिक युद्ध के मास्टरमाइंड भी माने जाते थे। उनकी मौत के साथ ही ईरान की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था पर एक बड़ा सवालिया निशान खड़ा हो रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि सैन्य प्रवक्ता नैनी और उनसे पहले खुफिया प्रमुख इस्माइल खतीब का मारा जाना इस बात का संकेत है कि हमलावरों के पास ईरान के सुरक्षा घेरे की सटीक जानकारी थी।

*नैनी को निशाना बनाकर किए गए हमले में अत्याधुनिक हथियारों का इस्तेमाल किया गया। नैनी केवल इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के प्रवक्ता ही नहीं थे, बल्कि वे ईरान के मनोवैज्ञानिक युद्ध के मास्टरमाइंड भी माने जाते थे*


ईरान का इजराइल के शहर रिहोवोट पर मिसाइल हमले में क्षतिग्रस्त घर

### नेतन्याहू ने सामने आकर की प्रेस वार्ता, दावा

## ईरान की परमाणु क्षमता खत्म, मिसाइल भी नहीं बना सकता


हमने ट्रंप को युद्ध में नहीं धकेला

इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने मीडिया के सामने आकर प्रेस वार्ता की। शुरुआत में ही नेतन्याहू ने कहा कि मैं अभी जिंदा हूं और आप सभी लोग इस बात के प्रमाण है। नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिका और इजराइल के 20 दिन के हवाई हमलों के बाद ईरान के पास अब यूरेनियम समृद्ध करने या बैलिस्टिक मिसाइल बनाने की क्षमता नहीं बची है। अब ईरान परमाणु हथियार नहीं बना सकता। उन्होंने दावा किया कि ईरान का मिसाइल और ड्रोन भंडार भारी नुकसान झेल रहा है और जल्द ही पूरी तरह नष्ट हो जाएगा। नेतन्याहू ने कहा कि हम जीत रहे हैं और ईरान को बुरी तरह क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। उन्होंने इस युद्ध में ट्रंप को नहीं धकेला। ट्रंप अपना फैसला खुद लेते हैं।

### ईरान के बंदरगाह पर हमलों से क्षेत्रीय तनाव बढ़ने का खतरा: रूस

- रूस ने ईरान पर हो रहे हालिया हमलों को लेकर चिंता जताई है। इन हमलों से पूरे क्षेत्र में बड़ा संघर्ष शुरू हो सकता है और उसके आर्थिक हित भी प्रभावित हो सकते हैं
- इजराइली के मुताबिक, हमलों में उन फैक्ट्रियों व स्थानों को निशाना बनाया, जहां मिसाइलों के पुर्जे बनाए जाते हैं
- लेबनान में इजराइल के ताजा हमलों में 20 मरे, 57 घायल
- इराक ने तेल क्षेत्रों पर 'फोर्स मेज्योर' लागू किया
- डब्ल्यूएचओ की चेतावनी- स्वास्थ्य संकट गहरा सकता है
- ईरान के खार्ग द्वीप को निशाना बना सकते हैं: अमेरिका
- लेबनान में इजराइली हमले में एम्बुलेंस स्टाफ घायल

### ईरान ने कहा-अब भी बना रहे मिसाइलें

ईरान ने विश्व भर में मनोरंजन और पर्यटन स्थलों को निशाना बनाने की धमकी दी और इस बात पर जोर दिया कि वह अब भी मिसाइलें बना रहा है। ईरान की यह चुनौती अमेरिका और इजराइल के साथ जारी उसके संघर्ष के लगभग तीन सप्ताह बाद आई है।

**परमाणु हथियार नहीं बनाना चाहते : ईरान**

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने साफ किया है कि उनका देश परमाणु हथियार बनाने की कोई योजना नहीं रखता। पजशकियान ने कहा कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ युद्ध नहीं चाहता और क्षेत्र में शांति बनाए रखना चाहता है। उन्होंने कहा, "हम परमाणु हथियार हासिल नहीं करना चाहते।

**हमले से जनता एकजुट हुई : मुजतबा**

ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने कहा है कि अमेरिका और इजराइल ने ईरान को लेकर गलत आकलन किया। खामेनेई ने कहा कि दुश्मनों को लगा था कि कुछ दिनों के हमलों के बाद ईरानी जनता सरकार के खिलाफ खड़ी हो जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

### खाड़ी देशों में फंसे लोगों पर विदेश मंत्रालय की पैनी नजर

## 6 भारतीयों की मौत, 1 लापता, 3 लाख लोगों की वतन वापसी :अतिरिक्त सचिव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी भीषण संघर्ष के बीच भारतीय विदेश मंत्रालय ने बताया कि खाड़ी क्षेत्र में चल रहे तनाव में अब तक 6 भारतीय नागरिकों की जान जा चुकी है, जबकि एक भारतीय अभी भी लापता है। विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव असीम आर. महाजन ने बताया कि सऊदी अरब, ओमान, इराक और संयुक्त अरब अमीरात में स्थित भारतीय दूतावास लापता भारतीय नागरिकों के संबंध में और मृतक भारतीय नागरिकों के पार्थिव शरीर को जल्द से जल्द भारत वापस लाने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क में हैं। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्रालय ने अब तक 3 लाख लोगों की वतन वापसी कराई है।

**15 भारतीय क्रू सदस्यों को बचाया**

विदेश मंत्रालय ने बताया कि एमटी सफीसा विष्णु के 15 भारतीय क्रू सदस्य, जिन्हें सुरक्षित बचा लिया गया था, कल इराक से रवाना हो गए थे और आज सऊदी अरब से भारत लौटने की उम्मीद है। बचाए गए 24 भारतीय नाविक, जिनमें एमवी एमकेवी वियोम पर सवार 16 और स्काईलाइट पर सवार 8 नाविक शामिल हैं, जो पहले ही ओमान से भारत पहुंच चुके हैं।

**रियाद में एक भारतीय की मौत**

हमें 18 मार्च को रियाद में हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की दुखद मृत्यु की सूचना मिली। हम मृतक के परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। दूतावास परिवार के संपर्क में है। जहाज मंत्रालय के सचिव राकेश सिन्हा ने बताया कि खाड़ी क्षेत्र में भारत के 22 जहाज और नाविक सुरक्षित हैं, लेकिन वे फिलहाल वहीं स्थिर हैं।

### बहरीन के किंग से हुई प्रधानमंत्री मोदी की टेलीफोन पर बातचीत



**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** युद्ध के बीच लगातार जारी पीएम मोदी की अंतरराष्ट्रीय नेताओं से बातचीत के क्रम में शुक्रवार को उन्होंने बहरीन के किंग हमाद बिन अल खलीफा से भी टेलीफोन पर चर्चा की है। जिसमें पीएम ने किंग व बहरीन की आम जनता को ईद की मुबारकबाद दी। 'एक्स' पर मोदी के बताया कि बहरीन के किंग के साथ हुई बातचीत में पश्चिम एशिया में बने हुए मौजूदा हालात, क्षेत्र में नागरिक और ऊर्जा ढांचों पर किए जा रहे हमलों की सख्त लहजे में निंदा की है।

### जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री वोंग से बात की

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया की अपनी समकक्ष पेनी वोंग से बात की और पश्चिम एशिया संकट के साथ-साथ हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा कि ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष वोंग से बात करके बहुत खुशी हुई। हमने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष पर अपने विचार साझा किए। हमने हिंद-प्रशांत मुद्दों पर भी चर्चा की।

### 11 देशों का एयरस्पेस इस्तेमाल न करें भारतीय एयरलाइंस

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने भारतीय एयरलाइंस के लिए सख्त परामर्श जारी किया है। इसमें भारतीय विमानों को 11 देशों के ऊपर से उड़ान न भरने के निर्देश दिए हैं। डीजीसीए ने सभी भारतीय एयरलाइंस से अपील की है कि वे बहरीन, ईरान, इराक, इजरायल, जॉर्डन, कुवैत, लेबनान, ओमान, कतर, यूएई और सऊदी अरब के ऊपर के प्रभावित हवाई क्षेत्र में उड़ान भरने से बचें।

## खबर संक्षेप

### दिल्ली दंगा : शरजील आया तिहाड़ से बाहर

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगा (2020) मामले में आरोपी शरजील इमाम शुक्रवार दोपहर दिल्ली की तिहाड़ जेल से बाहर आए। 9 मार्च को दिल्ली की कड़कड़डूमा कोर्ट ने शरजील को बीमार मां से मिलने और भाई की शादी में शामिल होने के लिए 20 मार्च से 30 मार्च की अंतरिम जमानत मंजूर की थी। तिहाड़ से बहार निकलते ही शरजील खुश नजर आया। इमाम ने अदालत से 6 हफ्ते की राहत मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने उसे सीमित अवधि के लिए ही जमानत दी। इमाम के भाई की शादी 25 मार्च की है। अंतरिम जमानत पर कोर्ट ने कुछ शर्तें भी रखी।

### बालेंद्र शाह 27 को लेंगे पीएम पद की शपथ

**काठमांडू।** नेपाल में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के वरिष्ठ नेता बालेंद्र शाह 27 मार्च को पीएम पद की शपथ लेंगे। एक दिन पहले सांसदों को शपथ दिलाई जाएगी। 5 मार्च को हुए प्रतिनिधि सभा चुनाव में आरएसपी ने 182 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। पार्टी ने चुनाव से पहले ही बालेंद्र शाह को पीएम पद का उम्मीदवार घोषित किया था। आरएसपी अध्यक्ष रवि लामिछाने ने यह जानकारी दी।



### सीबीआई ने अनिल अंबानी से दूसरे दिन भी पूछताछ की

**नई दिल्ली (भाषा)।** सीबीआई ने भारतीय स्टेट बैंक की शिकायत पर शुक्रवार को रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (आरकॉम) और अनिल अंबानी के खिलाफ दर्ज 2,929 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले के संबंध में उद्योगपति से सात घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लगातार दूसरे दिन, अनिल अंबानी सुबह करीब 10 बजे एजेंसी के मुख्यालय पहुंचे और शाम करीब 5.15 बजे कार्यालय से रवाना हुए।

## चारधाम यात्रा के पहले 12 दिन में सात लाख रजिस्ट्रेशन

**देहरादून (एजेंसी)।** देहरादून से जारी चारधाम एवं हेमकुंड साहिब यात्रा 2026 के आंकड़ों ने इस बार श्रद्धालुओं के उत्साह को साफ तौर पर दिखा दिया है। 18 मार्च 2026 तक जारी डेली बुलेटिन के अनुसार कुल 6,86,305 पंजीकरण दर्ज किए जा चुके हैं। यह संख्या लगातार तेजी से बढ़ रही है और संकेत दे रही है कि इस साल यात्रा में नया रिकॉर्ड बन सकता है। धामवार आंकड़ों की बात करें तो केदारनाथ धाम सबसे आगे है। यहां अब तक 2,29,295 श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। बाबा केदारनाथ के दर्शन को लेकर हर साल की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं में सबसे ज्यादा उत्साह देखने को मिल रहा है। इस वर्ष यात्रा की शुरुआत 19 अप्रैल से होने जा रही है।

> 19 अप्रैल से होने जा रही है इस वर्ष यात्रा की शुरुआत

## केंद्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए पंजीयन शुरू, अंतिम तिथि 2 अप्रैल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय विद्यालय संगठन ने 2026-27 सेशन के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू कर दी है। 20 मार्च से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है और अब अभिभावक अपने बच्चों के लिए आवेदन कर सकते हैं। केंद्रीय विद्यालय देश के सबसे भरोसेमंद सरकारी स्कूलों में गिने जाते हैं, जहां पढ़ाई के साथ अनुशासन और अच्छा माहौल मिलता है, यही वजह है कि यहां एडमिशन के लिए हर साल बड़ी संख्या में आवेदन आते हैं। इस बार भी कक्षा 1 और बाल वाटिका में एडमिशन पूरी तरह ऑनलाइन होगा। आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर फॉर्म भरना होगा और आवेदन की अंतिम तारीख 2 अप्रैल 2026 तय की गई है। अधिकारियों ने सलाह दी है कि आखिरी समय की परेशानी से बचने के लिए समय रहते आवेदन पूरा कर लें। कक्षा 1 में एडमिशन के लिए किसी भी तरह की लिखित परीक्षा या इंटरव्यू नहीं लिया जाता, बल्कि बच्चों का चयन लॉटरी सिस्टम के जरिए किया जाता है। यानी किस बच्चे का नाम आएगा, यह तय प्रक्रिया और किस्मत दोनों पर निर्भर करता है।



### 26-27 मार्च की रात पीआरएस सिस्टम रहेगा ठप

## रेल टिकट की पांच घंटे नहीं होगी बुकिंग, न होंगे कैंसिल

> *कंप्यूटर फाइलों के आकार को इस दौरान छोटा किया जाएगा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर रेलवे ने दिल्ली क्षेत्र में पीआरएस (पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम) सेवाओं को बंद करने का निर्णय लिया है। यह सेवाएं 26 और 27 मार्च की रात को लगभग पांच घंटे के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगी। इस दौरान यात्रियों को टिकट बुकिंग और संबंधित कार्यों में असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। उत्तर रेलवे ने यह कदम प्रणाली में फाइलों के संपीड़न कार्य को ध्यान में रखते हुए उठाया है। 26 मार्च की रात 11:45 बजे से यह बंदी शुरू होगी। यह 27 मार्च की सुबह 04:45 बजे तक जारी रहेगी। इस अवधि में पीआरएस पोर्टल पूरी तरह से बंद रहेगा। दिल्ली पोर्टल पर पीआरएस आवेदन की कई महत्वपूर्ण सेवाएं प्रभावित होंगी। इनमें पीएनआर पूछताछ की सुविधा शामिल नहीं होगी। यात्री वर्तमान आरक्षण भी नहीं कर पाएंगे। टिकट निरस्तीकरण की सेवा भी उपलब्ध नहीं होगी। चार्टिंग और ईडीआर जैसी सुविधाएं भी बंद रहेंगी।



**ये होता है फाइलों का संपीड़न**

फाइलों का संपीड़न (फाइल कंप्रेशन) एक ऐसी तकनीकी प्रक्रिया है, जिसके द्वारा किसी कंप्यूटर फाइल के आकार को कम किया जाता है ताकि वह कम स्टोरेज स्पेस ले और उसे जल्दी ट्रांसफर किया जा सके। इसमें डेटा को विशेष एल्गोरिदम के माध्यम से दोबारा व्यवस्थित या एन्कोड किया जाता है, जिससे फालतू जानकारी हट जाती है, लेकिन फाइल की मूल सामग्री सुरक्षित रहती है।

## अब एटीएम से दो से तीन मिनट में मिलेगा सिलेंडर



**गुरुग्राम।** उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भारत गैस ने गुरुग्राम के फ्लावर वैली स्थित सेंट्रल प्लाजा में एक नया 'एलपीजी एटीएम' शुरू किया है। इस मशीन के जरिए अब उपभोक्ता महज 2 से 3 मिनट में गैस सिलेंडर का आदान-प्रदान कर सकेंगे। सेंट्रल प्लाजा के डिप्टी मैनेजर (फैसिलिटीज) अमित खटाना ने बताया कि इस यूनिट को भारत गैस द्वारा स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता सबसे पहले अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर या ईमेल आईडी दर्ज करते हैं, जिसके बाद एक ओटीपी प्राप्त होता है। ओटीपी वेरिफिकेशन के बाद प्रक्रिया शुरू होती है। इसके बाद उपभोक्ता अपने खाली सिलेंडर को मशीन में निर्धारित स्थान पर रखते हैं, जहां उसका वजन और स्कैनिंग की जाती है। इसके लिए मशीन में ऊपर की ओर एक विंडो खुलती है, जिसमें सिलेंडर रखा जाता है। इसके पश्चात उपभोक्ता को भुगतान का विकल्प दिखाई देता है, जिसे वहीं पूरा करना होता है। भुगतान सफल होने के बाद मशीन की निचली विंडो खुलती है, जहां से उपभोक्ता नया 10 किलोग्राम का भरा हुआ सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं।

> गुरुग्राम में भारत गैस का 'एलपीजी एटीएम' लॉन्च

### मजबूत हो रहे भारत-कनाडा संबंध

## शीर्ष पुलिस अफसर बोले- भारतीय एजेंटों से खतरा नहीं, आरोप खारिज

- **हमारे पास ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं**

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा और भारत के बीच लंबे समय से चली आ रही तल्खी अब पूरी तरह खत्म होती नजर आ रही है। हाल ही में कनाडाई पीएम मार्क कार्नी की भारत यात्रा के बाद अब कनाडा की सुरक्षा एजेंसी 'रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस' के कमिश्नर का एक बड़ा बयान सामने आया है। इसे अब भारत के लिए एक बड़ी कूटनीतिक जीत माना जा रहा है।

कनाडा की राष्ट्रीय पुलिस सेवा ने भारत पर लगे गंभीर आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। पुलिस कमिश्नर माइक डुहेम ने साफ-साफ कहा है कि वर्तमान में कनाडा में रहने वाले लोगों को भारत सरकार के किसी भी एजेंट से कोई खतरा नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी हमारे पास ऐसा कोई रिकॉर्ड नहीं है जो किसी भी विदेशी संस्था की भूमिका का प्रमाण देता हो। संबंधित फाइलों में ऐसे कई लोगों के नाम हैं जो लोगों को डराने और परेशान करने में शामिल हैं।


माइक डुहेम

**हर तरह की धमकी पर बारीकी से नजर**

*भारतीय राजनयिकों की कनाडा वापसी को लेकर पुलिस कमिश्नर ने आश्वस्त किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस हर तरह की धमकी पर बारीकी से नजर रख रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे बिना डरे पुलिस को रिपोर्ट करें। एक समय था जब पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल के दौरान कनाडा ने सीधे तौर पर हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के तार भारतीय एजेंसियों से जोड़े थे। लेकिन अब कमिश्नर माइक डुहेम के सुर बदले हुए हैं। अब उन्होंने कहा कि फिलहाल जो कड़ियां हमारे सामने हैं, वे किसी विदेशी संस्था या भारत सरकार से नहीं जुड़ रही हैं। उन्होंने यह भी माना कि 2024 में उन्होंने जो बयान दिए थे, वे उस समय की सीमित जांच पर आधारित थे, लेकिन आज की स्थिति और साक्ष्य बिल्कुल अलग हैं।*

### सुरक्षा बलों को मिली बड़ी सफलता

## भारत-म्यांमार सीमा पर 23.72 करोड़ की ड्रग्स जब्त, एक वाहन भी बरामद

एजेंसी ▶▶ आइजोल

मिजोरम के चम्फाई जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत असम राइफल्स और चम्फाई पुलिस की संयुक्त टीम ने भारी मात्रा में मेथामफेटामाइन गोलियां बरामद कीं। इन गोलियों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 23.72 करोड़ रुपए बताई जा रही है। यह संयुक्त अभियान सीमा क्षेत्र के एक संवेदनशील मार्ग ह्मुनह्मेल्था रोड के पास चलाया गया। इस इलाके को तस्करी के लिहाज से संवेदनशील माना जाता है, जहां से अक्सर अवैध गतिविधियों की सूचनाएं मिलती रहती हैं। तलाशी के दौरान टीम को मौके पर एक लावारिस वाहन संदिग्ध अवस्था में खड़ा मिला। जब सुरक्षा कर्मियों ने वाहन की बारीकी से जांच की, तो उसमें छिपाकर रखी गई भारी मात्रा में मेथामफेटामाइन गोलियां बरामद हुईं। कुल 7.907 किलो नशीला पदार्थ जब्त किया गया, जो हाल के सबसे बड़ी बरामदगियों में से एक माना जा रहा है।


जब्त मेथामफेटामाइन

### विश्व जल दिवस के अवसर पर यूएन में भारत की पाक को चेतावनी

## सुधर जाओ... वरना सिंधु जल संधि स्थगित रहेगी

### 1960 में सद्भाव और मित्रता की भावना का उल्लंघन किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने दोहराया है कि सिंधु जल संधि तब तक निलंबित रहेगी जब तक 'आतंक का वैश्विक केंद्र' पाकिस्तान अपने तरीकों में सुधार नहीं करता। 22 मार्च को मनाए जाने वाले विश्व जल दिवस से पहले गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान को संधियों की पवित्रता बनाए रखने की बात करने से पहले मानव जीवन की पवित्रता का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम का विषय था सुरक्षित जल और स्वच्छता तक सभी के लिए पहुंच सुनिश्चित करना, जो कि संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) से जुड़ा है।

> संधियों की पवित्रता बनाए रखने से पहले मानव जीवन की पवित्रता का सम्मान करना जरूरी



यूएन में भारत के स्थाई प्रतिनिधि पी. हरीश

**पाकिस्तान ने आतंकियों का उपयोग करना नहीं छोड़ा**

पी. हरीश ने कहा कि हमारी सहनशीलता और उदारता ने पाकिस्तान के तरीकों को नहीं बदला। अंततः हमें घोषणा करनी पड़ी कि यह संधि तब तक निलंबित रहेगी जब तक पाकिस्तान, जो आतंकवाद का वैश्विक केंद्र है, सभी प्रकार के आतंकवाद के लिए अपने समर्थन को विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से समाप्त नहीं करता। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा एक जिम्मेदार उच्च जलधारा वाला राज्य रहा है लेकिन जिम्मेदारी दोतरफा रास्ता है।

**पाकिस्तान ने हजारों आतंकी हमले किए**

*हरीश ने कहा कि भारत ने इस संधि पर 1960 में सद्भाव और मित्रता की भावना में हस्ताक्षर किए लेकिन पाकिस्तान ने इस भावना का उल्लंघन करते हुए भारत पर तीन युद्ध और हजारों आतंकी हमले किए। दसियों हजार निर्दोष भारतीय पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवादी हमलों के शिकार बने। पिछले साल द रेजिस्टेंस फ्रंट द्वारा पहलगाम में धर्म आधारित आतंकवादी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया।*

**सभी कोशिशें ठुकराईं**

*पी. हरीश ने कहा कि तकनीकी, जनसांख्यिकीय और पारिस्थितिक बदलावों के कारण पिछले 65 वर्षों में क्षेत्र में मौलिक बदलाव हुए हैं, जिसके लिए पाकिस्तान चर्चा करने से इंकार करता रहा। संधि में संशोधन पर पाकिस्तान के साथ हमारी सभी कोशिशें ठुकरा दी गईं।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28